# कानपुर बनेगा विकास का मॉडल: रमेश अवस्थी

**साक्षात्कार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में जाम की समस्या नासूर बन गई है। यातायात अराजकता से हर शहरी त्रस्त है। टूटी सड़कें, अनियोजित खोदाई किसी मुसीबत से कम नहीं हैं। औद्योगिक क्षेत्रों और बाजारों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। लाल इमली मिल को चलाने की योजना सिर्फ घोषणाओं में है। ग्रीनपार्क स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं मिल पा रहे हैं। इन समस्याओं का समाधान कब होगा, इस मुद्दे पर अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर रहे नगर सांसद रमेश अवस्थी से *अमृत विचार संवाददाता अभिषेक वर्मा* ने बातचीत की। सांसद अवस्थी ने दावा किया कि कानपुर विकास का मॉडल बनेगा, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद ही इसे मैनचेस्टर बनाने के लिए गंभीर हैं। पेश हैं बातचीत के अंश।



### एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा कब तक?

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नाइट लैंडिंग को लेकर मिला था। उन्होंने मेरे प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। अभी विमानों की कमी है, कंपनियां आगे आएं तो नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू हो जाएगी। यहां से विविध प्रकार के उत्पाद अन्य शहरों के लिए फ्लाइट से जा सकें इसकी सुविधा भी शुरू करा दी है। एयरपोर्ट तक मेट्रो प्रोजेक्ट का प्रस्ताव भी दिया है। लखनऊ तक हाई स्पीड रेल चले इसके लिए रेल मंत्री से मुलाकात हुई है। उन्होंने प्रस्ताव पर सहमति जताई है। जल्द ही सर्वे होगा।

- शहर को जाम मुक्त करने के लिए बनेंगी एलिवेटेड रोड
- एलिवेटेड ट्रैक के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही, निर्माण जल्द

### लाल इमली मिल चलाने का वादा क्या सिर्फ चुनावी था?

- वादा चुनावी नहीं था। कर्मचारियों के वेतन मद में 87 करोड़ रुपये आवंटित कराया है। बदले स्वरूप में मिल जरूर चलेगी और लोगों को रोजगार भी मिलेगा। लाल इमली ही क्यों अन्य मिलों को भी चलाने की बात केंद्र और राज्य सरकार के बीच गंभीरता से चल रही है। जल्द ही केंद्रीय टीम मिलों का निरीक्षण करेगी।

### गंगा रिवर फ्रंट की योजना तो हवा में ही है?

- कौन कहता है कि योजना हवा में है। बिठूर से सिद्धनाथ घाट तक घाटों का विकास होगा। अभी एक टीम पटना का दौरा करके आई है। रिवर फ्रंट डेवलमेंट का काम होगा। गंगा पर्यटन का मुख्य केंद्र बनेगी थोड़ा इंतजार कीजिए। बिठूर हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। वहां भी सुंदरीकरण का कार्य कुछ चल रहा है और अभी होगा। शहर में माता अहिल्याबाई होल्कर और चुन्नीगंज में गंगू वाल्मीकि की प्रतिमा लेगी।

### नासूर बन चुकी जाम की समस्या का समाधान कब तक होगा ?

- जाम मुक्त शहर के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट तैयार हैं। इनमें मरियमपुर चौराहा से बर्रा बाईपास तक एलिवेटेड रोड के लिए सैद्धांतिक सहमति शासन से मिल गई है। शुक्लागंज से झाड़ी बाबा पड़ाव तक नये पुल के लिए बजट आवंटित हो गया है। ट्रांसगंगा सिटी से वीआईपी रोड तक पुल को मंजूरी मिल गई है। रामादेवी- गोल चौराहा एलिवेटेड रोड की डीपीआर बन गई है जल्द मंजूर हो जाएगी। शहर को दो हिस्सों में बांटने वाली अनवरगंज- मंधना रेल लाइन पर एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण जल्द शुरू होगा। इन कार्यों के होने से जाम की समस्या का समाधान बहुत हद तक हो जाएगा।

### इनर रिंग रोड की तो अब कोई बात ही नहीं करता

- इसके लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी से बात हुई है। पूर्व में गंगा लिंक एक्सप्रेस की जो डिजाइन बनी थी उसका अध्ययन किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में भूमि का अधिग्रहण नहीं होना है क्योंकि यह सिंगल पिलर पर बनेगा।

### ग्रीनपार्क पहचान खो रहा है

- इंतजार कीजिए। ग्रीनपार्क को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के लिए दो सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। इस वर्ष कुछ मैच होने हैं। उनके समापन के बाद काम शुरू होगा।

### नगर निगम के अस्पताल और स्कूलों की बदहाली कब दूर होगी?

- अस्पताल और स्कूल पीपीपी मॉडल पर चलेंगे। टेंडर जल्द ही निकलेगा। शिक्षा, चिकित्सा समृद्ध हो इसके लिए प्रयास चल रहे हैं। हैलट अस्पताल हो या हृदय रोग संस्थान हर जगह सुविधाओं के विकास पर हमारी सरकार का ध्यान है।

### लेदर क्लस्टर सिर्फ कागज पर ही बनेगा क्या?

- मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना में कंपनी की तरफ से कुछ कमियां रह गईं थीं। उन्हें दूर किया जा रहा है। जल्द ही यह प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने लगेगा। कानपुर का औद्योगिक स्वरूप पुन: बहाल हो इसके लिए बहुत ही जल्द वाणिज्य मंत्रालय की एक समिति शहर आएगी। लेदर उद्यमियों व अन्य उद्यमियों के साथ मुलाकात करेगी और उनकी समस्याओं का समाधान करेगी।

# अनवरगंज से कासगंज तक जल्द होगा ट्रैक दोहरीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद रेलमार्ग पर अनवरगंज स्टेशन से कासगंज जंक्शन तक ट्रैक के दोहरीकरण पर मंथन शुरू हो गया है। जल्द ही इस योजना पर मुहर लगेगी। कानपुर से कासगंज की दूरी ट्रेनें अभी 5 घंटे से अधिक समय में तय करती हैं लेकिन ट्रैक दोहरीकरण के बाद ट्रेनें ये दूरी साढ़े तीन घंटे में पूरी कर लेंगी। सांसद रमेश अवस्थी ने बताया कि मथुरा से कासगंज तक ट्रैक का दोहरीकरण कार्य जल्द शुरू होगा और कासगंज से कानपुर अनवरगंज तक भी ट्रैक का दोहरीकरण होना है। कानपुर से कासगंज के लिए कुल 15 एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेनें संचालित होती हैं जिसमें 14 ट्रेनें कानपुर सेंट्रल स्टेशन और 1 ट्रेन अनवरगंज स्टेशन से चलती है। 9 साप्ताहिक ट्रेनें भी कानपुर से कासगंज होते हुए चलती हैं।

फर्रुखाबाद रेल मार्ग पर वर्तमान में 50 से अधिक एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेनें दौड़ रही हैं जिससे 19 रेलवे क्रासिंग पर जबरदस्त जाम लगता है। इस जाम से छुटकारा दिलाने के लिए रेलवे ने अनवरगंज स्टेशन से मंधना तक एलिवेटेड ट्रैक बनाने की योजना को मंजूरी दी है।

### अनवरगंज-दिल्ली की ट्रेनें बढ़ेंगी

अनवरगंज से कासगंज तक ट्रैक का दोहरीकरण पूरा होने के बाद कानपुर से इटावा, टूंडला होते हुए दिल्ली जाने वाली ट्रेनें मुख्य मार्ग से शिफ्ट करके फर्रुखाबाद रेल मार्ग पर कर दी जाएंगी। जिससे कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेनों का लोड कम हो जाएगा।

"कासगंज से मथुरा तक ट्रैक दोहरीकरण के प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल चुकी है। रेल मंत्री से मिला था उन्हें कानपुर से कासगंज तक ट्रैक दोहरीकरण का प्रस्ताव दिया था। इस पर उन्होंने सैद्धांतिक सहमति दी है। जल्द ही प्रोजेक्ट मंजूर हो जाएगा।

**रमेश अवस्थी, सांसद, कानपुर नगर**

**एक नजर**

### पति ने मारा-पीटा, घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** जाजमऊ में एक महिला ने दहेज उत्पीड़न व पति के अवैध संबंध का विरोध करने पर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पोखरपुर निवासी निवासी महिला खुशबू के अनुसार फरवरी 2025 में उसकी शादी बर्रा-2 नई बस्ती के रहने वाले सुनील गुप्ता से हुई थी। शादी के बाद पति समेत ससुरालीजन दहेज के रुप में पांच लाख रुपये व कार की मांग करने लगे। आरोप है कि पति के कई महिलाओं से संबंध हैं। जिसका उसने विरोध किया तो ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया। जाजमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### कमिश्नर के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** भौंती में एक आटो पार्ट्स की दुकान का ताला तोड़ सामान बाहर फेंकने और गुल्लक से 40 हजार रुपये लूटने की दुकानदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित अजय बाजपेई ने बताया कि भौंती में 25 साल से वह आटो पार्ट्स की दुकान किए हैं। बीती 28 मई की दोपहर दुकान मालिक का लड़का पवन शुक्ला व साथी प्रिंस दीक्षित ने आकर दुकान का ताला तोड़ दिया और दुकान में रखें लाखों का सामान बाहर सड़क पर फेंक दिए। गुल्लक में रखे 40 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया। दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। जब वह लड़के मयंक के साथ दुकान पहुंचे दोनों लोगों ने मारपीट की। इस पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## हेयर ट्रांसप्लांट से दो इंजीनियरों की मौत के मामले में पुलिस ने की पूछताछ, कई अहम सबूत मिले

# रिमांड में पूछताछ, दो बार बेहोश हुई डॉ. अनुष्का

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हेयर ट्रांसप्लांट से दो इंजीनियरों की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी डॉ. अनुष्का का बुधवार को कस्टडी रिमांड लिया। छह घंटे की रिमांड में पूछताछ के दौरान वह दो बार बेहोश हुईं। क्लीनिक के सामने पुलिस जीप से उतरने से मना किया, बाद में लड़खड़ाते पहुंचीं। पुलिस ने क्लीनिक की मशीनें, टूल किट और हेयर ट्रांसप्लांट के पर्चे अपने कब्जे में लिये। स्कैल्प पर रोशनी डालने की मशीन व प्लाजमा किट बरामद की। साक्ष्य, बरामदगी और पूछताछ के बाद दोपहर तीन बजे पुलिस ने अनुष्का को जेल में दाखिल किया।

कस्टडी रिमांड मंजूर होने पर बुधवार सुबह पुलिस जेल पहुंची। सुबह 9 बजे जेल से निकलते ही सबसे पहले अनुष्का का मेडिकल कराया गया, उसके बाद पुलिस अनुष्का को लेकर केशवपुरम स्थित इंस्पायर क्लीनिक पहुंची। क्लीनिक के सामने अनुष्का ने जीप से उतरने से पहले मना किया, बाद में डगमगाते नीचे उतरीं। इस दौरान अपार्टमेंट के छज्जों पर खड़ीं महिलाएं अनुष्का को देख रही थीं। क्लीनिक के अंदर पहुंचते ही अनुष्का बेहोश होकर गिर पड़ीं। इस पर पुलिस कल्याणपुर सीएचसी लेकर गई, जहां उपचार हुआ। करीब आधे घंटे बाद फिर पुलिस उन्हें लेकर क्लीनिक आई और वहां से पीआरपी मशीन, टूल किट, स्कैल्प पर लाइट डालने वाली मशीन, प्लाजमा किट, ऑपरेशन थिएटर में मौजूद अन्य साक्ष्य और दस्तावेज बरामद किए। पुलिस ने हेयर ट्रांसप्लांट के लिए आने वाले लोगों के पर्चे भी अपने कब्जे में लिया। क्लीनिक में पुलिस ने करीब तीन घंटे तक रिसेप्शन, ऑफिस, ओटी, क्लिनिक के सभी कमरों को खंगाला। मशीनें व उपकरण के साथ रखी एक अटैची भी कब्जे में लिया। दोपहर करीब 12. 50 बजे पूछताछ के दौरान दोबारा अनुष्का बेहोश होकर गिरी। इससे उनके पैर में मोच भी आई।

**हेयर ट्रांसप्लांट प्रात्रता की रिपोर्ट अब तक नहीं दी :** इंजीनियर की मौत के बाद रिपोर्ट दर्ज हुई। फरार अनुष्मा ने सरेंडर किया, कस्टडी रिमांड मिली। पूछताछ व साक्ष्य और उपकरण, दस्तावेज पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन हेयर ट्रांसप्लांट पात्रता रिपोर्ट अभी तक मेडिकल विभाग ने नहीं दिया है। पुलिस ने सीएमओ से एक रिपोर्ट मांगी थी, जिसमें पूछा था कि क्या डॉ. अनुष्का हेयर ट्रांसप्लांट करने के लिए पात्र हैं। इसका जवाब आज तक नहीं मिला है।



डॉ. अनुष्का को केशवपुरम में क्लीनिक में ले गई पुलिस। अमृत विचार

- पुलिस ने क्लीनिक की मशीनें, टूल किट और हेयर ट्रांसप्लांट के पर्चे किए जब्त
- स्कैल्प पर रोशनी डालने की मशीन व प्लाजमा किट बरामद

### दो इंजीनियरों की मौत का मामला

- पनकी निवासी इंजीनियर विनीत दुबे की हेयर ट्रांसप्लांट के बाद 14 मार्च को मौत हो गई थी। उनकी पत्नी जया त्रिपाठी ने डॉ. अनुष्का तिवारी के खिलाफ 9 मई रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद डॉ. अनुष्का फरार थीं और 26 मई को सरेंडर किया था। विनीत की मौत के पांच दिन बाद फतेहगढ़ निवासी 32 वर्षीय इंजीनियर मयंक कटियार की मौत की शिकायत उनकी मां प्रमोदनी कटियार ने पुलिस से की थी। मयंक प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पीएसआईटी) से बीटेक करने के बाद एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। 18 नवंबर 2024 को मयंक केशवपुर स्थित अंपायर क्लीनिक में हेयर ट्रांसप्लांट के लिए आए थे। उसी दिन उनकी हालत बिगड़ी थी और 19 नवंबर को दम तोड़ दिया था।

### वकीलों से पुलिस की हुई कई बार झड़प

कस्टडी रिमांड के दौरान पुलिस अनुष्का को लेकर क्लीनिक पहुंची तो पीछे से वकीलों की टीम भी पहुंच गई। वकीलों को क्लीनिक के बाहर रहने की पुलिस ने चेतावनी दी तो कहासुनी होने लगी। अनुष्का के वकीलों का कहना था कि रिमांड के आदेश पर नियत दूरी पर रहने की अनुमति है। पुलिस ने कहा कि नियत दूरी क्लीनिक गेट के बाहर है। इस पर वकील नहीं मानें और बरामदगी व पूछताछ के दौरान क्लीनिक के भीतर मौजूद रहे। इसी बात पर कई बार पुलिस व वकीलों की झड़प हुई।

### साक्ष्य पर्याप्त, अनुष्का का बचना मुश्किल

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि रिमांड के दौरान अनुष्का की क्लीनिक से इतने साक्ष्य मिले हैं कि उसका बचना मुश्किल है। पहले आरोप था अब जांच के दौरान कई चीजें मिली हैं। लोगों के बयान भी दर्ज कराए गए। साक्ष्य बरामद हो गए हैं। इससे यह स्पष्ट है कि अनुष्का बीडीएस की डिग्री (दांतों से संबंधित बीमारी के इलाज की डिग्री) लेकर हेयर ट्रांसप्लांट कर रहीं थीं। उन्होंने बताया कि अनुष्का ने पुलिस अभिरक्षा में खुद क्लीनिक का ताला खोला। अंदर हेयर ट्रांसप्लांट का सेटअप लगा था। एक छोटा सा ऑपरेशन थिएटर भी अंदर बना था। जहां हेयर ट्रांसप्लांट में काम आने वाली पीआरपी मशीन समेत अन्य उपकरण मिले हैं।

# शादी के 27 दिन बाद ही हादसे में युवक की मौत

**दर्दनाक**

- बस-कार की भिड़ंत में युवक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परिवार में खुशियों का माहौल था, दुल्हन दिखाई की रस्में चल रही थीं। शादी को 27 दिन ही बीते थे। नाते-रिश्तेदार व दोस्तों की बधाइयां अभी नवदंपती को मिल रही थीं। इसी बीच युवक की सड़क हादसे में मौत की खबर से खुशियां मातम में बदल गईं। मामा व पड़ोसी को कानपुर देहात छोड़ने गया युवक हादसे का शिकार हो गया। घायलों का इलाज चल रहा है।



अजय सिंह।

नवाबगंज के आजादनगर रोडवेज कालोनी निवासी 35 वर्षीय अजय सिंह जीएसटी अधिकारियों की कार चलाते थे। परिवार में पत्नी नीतू, मां शीला सिंह व छोटा भाई विजय सिंह हैं। छोटे भाई ने बताया कि बीती 6 मई को ही कन्नौज के तिर्वा घुड़िया गांव निवासी नीतू से अजय की शादी हुई थी। नाते-रिश्तेदारों का आना-जाना लगा था, परिवार में खुशियों का माहौल था। मंगलवार को मामा विजय सिंह को कानपुर देहात जाना था। इसी बीच पड़ोसी युवक को भी वहां कुछ काम के सिलसिले में जाना था। इस पर बड़ा भाई दोनों को कार से रसूलाबाद छोड़ने गए थे। लौटते समय वह रसूलाबाद हाईवे पर पहुंचे ही थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज गति ट्रैवल्स एजेंसी की बस ने सामने से टक्कर मार दी। वापसी में मामा भी साथ में थे, हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद अजय की हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उसे हैलट रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान अजय की मौत हो गई। वहीं गंभीर हालत में मामा विजय को रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अजय की मृत्यु की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। उसकी पत्नी नीतू बेसुध होकर गिर पड़ी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# निवेशक जागरूकता के लिए संगोष्ठी

**कानपुर।** रुद्रा शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड ने बुधवार को वैकल्पिक निवेश कोष पर आधारित निवेशक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया। होटल लिटिल शेफ में ऑक्सानो कैपिटल की सहभागिता से आयोजित संगोष्ठी में प्रमुख निवेशकों, चार्टर्ड लेखाकारों और रुद्रा के व्यापारिक ने भाग लिया। सह-संस्थापक आशीष पादियार ने निवेश की प्रक्रिया, अनुसंधान-आधारित चयन पद्धति और नवाचार आधारित कंपनियों में प्रारंभिक चरण में निवेश करने की रणनीति को विस्तार से समझाया। ऑक्सानो कैपिटल के प्रधान करण ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से निवेश के लाभों एवं संभावनाओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह निवेश प्रक्रिया पूरी तरह से सेबी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप होती है। रुद्रा शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष विनोद खन्ना ने कंपनी की यात्रा, उद्देश्य और वित्तीय सेवाओं की जानकारी दी। निदेशक सिद्धार्थ बंसल, किशोर वकील, सुनील बंसल, सौरभ वकील, अंकुर शाह आदि रहे।

# सात विभागों को कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जनसुनवाई में अफसरों की लापरवाही और लचर रवैया ठीक नहीं है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने नाराजगी जताते हुए खराब फीडिंग पर अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी है। वहीं, जिन सात विभागों की शिकायत निस्तारण प्रक्रिया में फीडबैक सबसे अधिक नकारात्मक रहा हैं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिलाधिकारी ने कहा, कुछ विभागों में यह नकारात्मक फीडबैक 83 प्रतिशत तक है, ऐसे अफसरों पर कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस यानी जनसुनवाई के संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि तीन जून को शासन से मिली मूल्यांकन रिपोर्ट में विभागों से निस्तारित संदर्भों में नकारात्मक फीडबैक का प्रतिशत चिंताजनक है। कुछ विभागों में यह नकारात्मक फीडबैक 83 प्रतिशत तक है। इससे जाहिर होता है कि काम में शिथिलता व अनदेखी है। संबंधित अधिकारी अपने अधीनस्थ की जिम्मेदारी निर्धारित कर कठोर कार्रवाई करें।

### इन विभागों को कारण बताओ नोटिस

जलकल विभाग, नगर निगम, एसडीएम सदर, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग, तहसीलदार सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक श्रमायुक्त। जिलाधिकारी ने कहा इन विभागों की शिकायत निस्तारण पर फीडबैक सबसे अधिक नकारात्मक हैं। जिससे जिले की रैंकिंग में गिरावट आई। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि समय सीमा के अंदर जवाब प्राप्त नहीं हुए तो अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। संतोषजनक जवाब न होने पर विभागों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्देश दिया।

**समारोह** मेडिकल कॉलेज सभागार में भाजपा उत्तर एवं दक्षिण जिलों की कार्यशाला, सांसद रमेश अवस्थी का एक वर्ष पूरा होने पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

# 11 वर्ष देश के व्यापक परिवर्तन के गवाह बने : पंकज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 11 वर्ष देश के व्यापक परिवर्तन के गवाह बने हैं। इन वर्षों में देश के गरीब, पिछड़े, दलित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। यह बात बुधवार को मेडिकल कॉलेज सभागार में भाजपा उत्तर एवं दक्षिण जिलों की कार्यशाला व सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कानपुर महानगर प्रभारी पंकज सिंह ने की। उन्होंने 9 जून से 21 जून तक चलने वाले सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष अभियान की जानकारी दी और कहा कि इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के कार्यकर्ता जिला स्तर से लेकर शक्ति केंद्र और प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर जनता को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएंगे।

उन्होंने विशेष रूप से 11 जून को आयोजित होने वाले प्रबुद्ध समागम का उल्लेख करते हुए कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जनहित में किए गए कार्यों को लाभार्थियों की जुबानी आमजन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश की सेना को खुली छूट दी और देश की बहनों के सिंदूर की रक्षा कर विश्व में भारत की नई पहचान बनाई है।

कार्यशाला में दोनों जिलों के प्रमुख पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह एवं संचालन उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने किया। कार्यशाला में महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, अरुण पाठक, अनीता गुप्ता, पूनम द्विवेदी, नरेंद्र तिवारी, आनंद राजपाल, अनूप अवस्थी, अनुराग शर्मा, गणेश शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा आदि रहे।



महानगर प्रभारी पंकज सिंह को सम्मानित करते सांसद रमेश अवस्थी व जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

**कानपुर।** कानपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रमेश अवस्थी के संकल्पित सेवा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया गया। समारोह में पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, पूर्व मंत्री बालचंद्र मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष कौशल किशोर दीक्षित, राधेश्याम पांडे, दिनेश राय, दीपू पांडे, विनोद शुक्ल, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया सहित उत्तर व दक्षिण जिले के सभी मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। अनूप अवस्थी ने बताया कि 51 भाजपा कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि पंकज सिंह व सांसद रमेश अवस्थी ने सम्मानित किया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

दिनांक 01–04–2025 से सांझेदारी फर्म Krishna Enterprises and Solution के सांझेदार विशाल प्रकाश पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को निकालकर भास्कर पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को नए सांझेदार के रूप मे नियुक्त करते हुए फर्म के नाम मे संशोधन कर Krishna Solutions किया जाता है।

**सूचना**

मैने अपना नाम EHRAR AHAMAD से बदलकर EHARAR AHAMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o - KALIM ADD- Ho.No. 424 JEEWAL POST-SIKRI DIST-BARABANKI - 225415(U.P)**

**सूचना**

हम पति, पत्नी ने अपने पुत्र अब्दुल्ला व पुत्र वधू साजिमा उनके बच्चों फरमान, अरहान से संबंध विच्छेद कर लिया है। उनके किसी भी अच्छे व बुरे काम से मेरा व मेरी पत्नी का कोई वास्ता नहीं है वह खुद के जिम्मेदार होंगे। इन सभी को मैने व मेरी पत्नी ने अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **इरशाद खां पुत्र दिलदार खां व मैसर वेगम पत्नी इरशाद खां निवासीगण गांधी नगर वार्ड नं. –3 गौरी निवादा थाना गुरसहायगंज – कन्नौज।**

**सूचना**

मै, जुहैब जाहिद वयस्क पुत्र जाहिद जमशेद निवासी फ्लैट नं0–805, 16/16 गोकुल अपार्टमेंण्ट सिविल लाइन्स ग्वालटोली थाना कोतवाली, कानपुर नगर अपनी पत्नी दानिया नाजिम पुत्री श्री मोहम्मद नाजिम निवासी म0नं0 44/8 चौबे गोला नई सड़क थाना मूलगंज कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में अन्तिम, तृतीय तलाक दि0 13–05–2025 को दे रहा हूँ। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको प्रथम तुहर की प्रथम तलाक दि0 1–3–2025 व द्वितीय तुहर की द्वितीय तलाक 12–04–2025 से सम्बन्धित नोटिस भी प्रेषित की जा चुकी है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम RAMESH KUMAR से बदल कर RAMESH KUMAR DALAI S/o GANGADHAR DALAI रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाए। **पता– 3/85 VIJYANT KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW Pincode 226010**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि आधार, पैन, व बैंक रिकॉर्ड में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी स्व0 राम अजोर सिंह है। जो सही है। पेंशन रिकॉर्ड में शांता देवी दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है। मै स्पष्ट करती हूं कि मेरा नाम शान्ती देवी ही है। **शान्ती देवी पत्नी स्व राम अजोर सिंह ग्राम – बनभोकार पोस्ट – खानपुर, सुल्तानपुर उ. प्र. पिन – 222303**

**सूचना**

मेरा खेत/प्लाट स्थित बलरामपुर देहात का रजिस्ट्री दिनांक 04/02/2020 का मूल दस्तावेज संख्या 202000925000560 जो कि प्लास्टिक के बैग में रखा था। दिनांक 29/05/2025 को गांव से गोविंदपुर के बीच में कहीं गिर कर खो गया है। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला है। **रिशू श्रीवास्तव पुत्र रमेश कुमार श्रीवास्तव ग्राम सहियापुर थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

मेरा सही नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) है। मेरी जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाणपत्र– सह–अंकपत्र में 17.12.2002 है, जो सभी अभिलेखों में अंकित है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सिलोचना सरोज (SILOCHANA SAROJ) व जन्मतिथि 01.01.2002 अंकित हो गया है। मेरे आधार कार्ड में संसोधन करते हुए नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) व जन्मतिथि 17.12.2002 अंकित किया जाये। **सुलोचना देवी पत्नी प्रदीप कुमार सरोज पता– ग्राम– बीरापुर, परगना– पट्टी, तहसील– रानीगंज, जिला – प्रतापगढ़, यू. पी.**

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

**आज का मौसम**

बादल छाए रहेंगे, बूंदाबांदी व गरज के साथ बौछारे पड़ने की संभावना बनी रहेगी।

| | |
|---|---|
| 36.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 06 : 59 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## शहर में आज

- **प्रदर्शनी :** ऑपरेशन ब्लू स्टार पर प्रदर्शनी, पार्टी प्लेनेट हाल 80 फीट रोड, दोपहर 12 बजे।
- **प्राण प्रतिष्ठा :** श्री रामेश्वर धाम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, सुरेंद्र नगर रावतपुर, सुबह 9 बजे।
- **संगोष्ठी :** बागवान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वर्ल्ड एनवॉयरमेंट डे पर संगोष्ठी, शंकराचार्य पार्क केब्लॉक किदवई नगर, शाम 5 बजे।

# 50 हजार करोड़ रुपये से कानपुर का होगा कायाकल्प

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनाया गया प्रस्ताव, शहर में बनेंगी एलिवेटेड सड़कें, कई सड़कों का होगा चौड़ीकरण

**केडीए बोर्ड बैठक**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एक नया कानपुर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसमें सड़कों के चौड़ीकरण के साथ ही एलिवेटेड सड़कें, न्यू जेनरेशन इंडस्ट्री, आईटी पार्क, पुल, पार्किंग व्यवस्था सभी कुछ होगा। शहर के कायाकल्प में 50 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का प्लान है। मुख्यमंत्री के आदेश पर शहर के अधिकारियों ने प्लान तैयार कर लिया है। अगले सप्ताह योजनाओं का प्रस्तुतिकरण सीएम योगी के सामने होगा, मुहर लगने के बाद इसपर आगे का कार्य शुरू हो जाएगा। मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन की मानें तो शॉर्ट, मिड और लांग टर्म प्लान के तहत योजनाओं को समाहित किया गया। जरूरत के हिसाब से ही विकास का रोडमैप खींचा जाएगा।

कानपुर विकास प्राधिकरण की 143वीं बोर्ड बैठक बुधवार को दोपहर 12.30 बजे केडीए के सभागार में शुरू हुई। मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में शुरू हुई बैठक में मुख्यमंत्री के आदेश पर शहर का फोकस करते हुये बनाई गईं योजनाओं पर चर्चा हुई। मंडलायुक्त विजयेंद्र और केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि आने वाले एक सप्ताह में मुख्यमंत्री जी के साथ एक बैठक होने वाली है। कानपुर के लिये 50 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का प्रस्ताव बनाकर लाने के निर्देश शासन स्तर से दिये गये थे। नगर निगम, केडीए, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों ने मिलकर प्रस्ताव तैयार कर लिया है। एक तरह से नया कानपुर बनाने का शासन का प्लान है।

मंडलायुक्त ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश के तीन शहर मथुरा, मेरठ और कानपुर को चयनित किया गया है। इसमें कानपुर के विकास के लिये हम लोगों ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद काम शुरू होगा। बोर्ड बैठक में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त सुधीर कुमार, केडीए सचिव अभय पांडेय, केडीए वित्त नियंत्रक सुशील कुमार, समन्वयक नीरज श्रीवास्तव व बोर्ड के सदस्य व अन्य अधिकारी रहे।



केडीए बोर्ड की बैठक में मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन, साथ में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह, नगर आयुक्त सुधीर कुमार, केडीए सचिव अभय पांडेय और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### जाजमऊ से गंगा बैराज तक गंगा के समानांतर एलिवेटेड सड़क

- मंडलायुक्त ने बताया कि अभी शहर की टीम ने पटना का गंगा मार्ग देखा है। इसी तर्ज पर शहर में जाजमऊ से गंगा बैराज तक गंगा नदी के समानांतर एलीवेटेड सड़क बनाने की योजना है। इसे भी प्लान में शामिल किया गया है। 11.5 किमी. में नदी के किनारे पिलर के सहारे सड़क का निर्माण होगा। इसमें करीब 400 करोड़ खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि यह समग्र योजना बनेगी। जिसमें बिना निर्माणों को तोड़े ही साइड प्वाइंट, रिवर फेसिंग, फुटपाथ व अन्य चीजें डेवलप होंगी।

**04** लेन की 8.9 किमी. सड़क भौंती से मंधना तक

**11.5** किमी. गंगा के किनारे पिलर के सहारे सड़क

**40** करोड़ रुपये की लागत से बनेंगे दो लिंक मार्ग

**750** करोड़ से नरोना-किदवई नगर 4 लेन एलिवेटेड रोड

- शॉर्ट, मिड और लांग टर्म प्लान के तहत योजनाओं को किया गया समाहित, मुख्यमंत्री के सामने होगा प्रस्तुतिकरण

### 4 महीने में गंगा की लहरों के पास टहल सकेंगे

- गंगा बैराज पर बॉटिनिकल गार्डेन को फिर से खोलने की जद्दोजहद शुरू हो गई है। बुधवार को केडीए बोर्ड की बैठक में केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गब्र्याल ने कहा कि अगले 4 महीने में बॉटिनिकल गार्डेन में लोग टहल सकेंगे। यहां पाथवे का निर्माण कर जनता के लिये खोल दिया जायेगा। मंडलायुक्त ने बताया कि एनजीटी के नॉर्म्स की वजह से यह कार्य अटका है। हम नियमों के तहत यहां निर्माण कार्य करेंगे।

### रिंग रोड के अंदर और बाहर की सड़कें बनेंगी

- मंडलायुक्त ने बताया कि कानपुर नगर का फोकस करते हुये योजना बनाई है। रिंग रोड 2027 जून तक बनकर तैयार हो जाएगी। रिंग रोड के अंदर और बाहर की परियोजनाओं को प्रस्ताव में शामिल किया गया है। खास तौर पर सिटी का डी-कंजेस्टेड करने की योजना है। इसमें टू लेन सड़कों को फोर लेन बनाने के लिये शामिल किया गया है। पार्किंग, वेंडिंग, इंडस्ट्री बसाना है।

### न्यू जेनरेशन इंडस्ट्री शहर को देगी ऊंचाई

- कानपुर को नये रूप में प्रजेंट करने के लिये यहां न्यू जेनरेशन इंडस्ट्री बनेगी। मंडलायुक्त ने बताया कि नारामऊ के पास नॉलेज सिटी, ईवी सिटी, भीमसेन के पास एमएसएमई पार्क, मेडिसिटी बसायी जाएगी। इससे शहर को हाइप मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह बिठूर में टूरिस्ट प्लेस बनाना है। यहां लवकुश पार्क को विकसित करने की योजना है ताकि यहां टूरिस्ट की संख्या बढ़ सके।

**08** किलोमीटर मार्ग का 55 करोड़ रुपये से होगा चौड़ीकरण बिनगंवा से लेकर अर्रा तक

### केडीए इन योजनाओं पर करेगा कार्य

- भौंती से मंधना तक 8.9 किमी. 4 लेन सड़क बनेगी, यह सड़क 75 मीटर चौड़ी होगी जिसमें 400 करोड़ रुपये का खर्च होगा।
- कानपुर देहात में आगरा एनएच और झांसी हाइवे को जोड़ने के लिये भी 5 किमी. सड़क बनेगी इसमें 150 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।
- इसके अलावा दो लिंक मार्ग बनेंगे। इसमें मैनावती से बैराज रोड और सिंहपुर से जू तक पैरलर मार्ग बनेगा। इस निर्माण कार्य में 40 करोड़ खर्च होगा। यह सड़क 800-800 मीटर की बनेगी।
- नरोना से किदवई नगर तक 4 लेन एलिवेटेड सड़क का निर्माण 750 करोड़ रुपये से होगा। यह रोड करीब 6 किमी. होगी।
- मर्चेट चैंबर से फूलबाग तक 3 किमी. में फ्लाई ओवर का भी निर्माण होगा इसमें 300 करोड़ खर्च होंगे।
- बिनगवां से अर्रा तक 8 किमी. मार्ग का चौड़ीकरण 55 करोड़ रुपये से होगा।
- बर्रा वर्ल्ड बैंक रोड का भी चौड़ीकरण कार्य होगा।
- भौंती से अर्मापुर कालपी रोड का चौड़ीकरण 6 किमी. में होगा। इस कार्य में 31 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## एक नजर

### चेन लूट की रिपोर्ट दर्ज लुटेरे की तलाश

**कानपुर।** चकेरी में बैंककर्मी की पत्नी की चेन लूट मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्जकर लुटेरों की तलाश में जुटी है। पीएसी मोड़ सैदुल्लाहपुर निवासी बैंककर्मी सत्येंद्र सिंह की पत्नी छाया मंगलवार को बेटी के साथ बाजार जा रही थी। तभी गांधी ग्राम जीटी रोड स्थित त्रिमूर्ति मंदिर के पास पर चालक ने आटो रोका, इसी बीच पीछे से आए बाइक सवार दो लुटेरें गले में झपट्टा मारकर छाया की चेन लूटकर भाग निकले थे। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। रामादेवी चौराहा से पीएसी मोड़ तक के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है।

### गांजे के साथ तस्कर दबोचा

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने छह किलो गांजे के साथ गांजा तस्कर को दबोचा है। आरोपी ने अपना नाम बलराम बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि वह दूसरी जगहों से सस्ते दाम में गांजा लाकर शहर के अलावा आसपास के जिलों में बेचता था।

# न्यू कानपुर सिटी में 1793 प्लाट, 15 अगस्त को लांचिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए की बहुप्रतिष्ठित योजना न्यू कानपुर सिटी 15 अगस्त को लांच कर दी जाएगी। यहां लोग अपना नया आशियाना बनाने के लिये प्लाट बुक करा सकेंगे। केडीए बोर्ड की 143वीं बैठक में बुधवार को न्यू कानपुर सिटी योजना के नवीन ले-आउट को स्वीकृति मिल गई। इसके तहत अब इस योजना में 1793 प्लाट काटे जाएंगे। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि लोअर और मिडिल क्लास के लिये योजना में ज्यादा प्लाट होंगे। 150 एकड़ जमीन अधिग्रहित हो चुकी है। आगे भी जमीनों का अधिग्रहण जारी है।

केडीए बोर्ड की बैठक में 15 प्रस्तावों पर मुहर लगी। प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के 14.10 अरब रुपये के आय-व्यय (बजट) को भी बोर्ड से पास करा लिया। पिछले वर्ष यह बजट 13.43 अरब का था। मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने बताया कि हम अगले 10 महीनों में इस बजट का उपयोग शहर के विकास कार्यों में करेंगे। केडीए मैनावती मार्ग से सिंहपुर और सिंहपुर से कल्याणपुर के बीच में 4 गांवों में 153.31 हेक्टेयर जमीन पर न्यू कानपुर सिटी योजना ला रहा है। इसके लिए 89.69 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण होनी है। अभी तक किसानों से 60 हेक्टेयर खरीदी गई है। बाकी के लिए किसानों से बातचीत चल रही है और रजिस्ट्री कराई जा रही है। भू अर्जन की प्रक्रिया को भी शासन ने स्वीकृति दे दी है।

इसको लेकर कंपनी शिविर लगाकर किसानों से बातचीत कर रही है। इससे पहले केडीए बोर्ड की 142 वीं बैठक में 14 फरवरी 2025 को योजना का लेआउट को सैद्धांतिक सहमति दी गई थी। अब संशोधित लेआउट को केडीए की बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी गई। न्यू कानपुर सिटी में विकास कार्य के लिए पहले से 183.5 करोड़ रुपये केंद्र सरकार ने दे रखे हैं। बैठक में बोर्ड के नामित सदस्य प्रमोद अग्रहरि, अरूण कुमार गर्ग, कैलाश चन्द्र पाण्डेय, धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सौरभ देव मौजूद रहे।





**1793** प्लाट न्यू कानपुर सिटी में काटे जाएंगे

**153.31** हेक्टेयर जमीन पर न्यू कानपुर सिटी योजना

**60** हेक्टेयर जमीन खरीदी जा चुकी है योजना में

**30** हजार रुपये गज के हिसाब से मिल सकता है प्लाट

### इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- बेसमेन्ट के अन्तर्गत शौचालय बना सकेंगे
- केडीए द्वारा विभिन्न योजनाओं में निर्मित फ्लैटों के दाम फ्रीज किये
- चकेरी में मुख्यमंत्री श्रमजीवी छात्रावास व न्यायिक अधिकारियों के गेस्ट हाउस के लिये जमीन देने का प्रस्ताव पास
- पशुपति नगर व हंसपुर विद्युत वितरण क्षेत्र में 33/11 केवी सब स्टेशन के निर्माण को भूमि का आवंटन
- कानपुर महायोजना-2031 (प्रारूप) के अन्तर्गत चिन्हित ट्राजिट ऑरिएण्टेड डेवलपमेण्ट (टीओडी) संबंधी प्रस्ताव पास।
- अमृत योजना के अन्तर्गत तैयार की जा रही कानपुर विकास क्षेत्र की जीआईएस बेस्ड कानपुर महायोजना-2031 (प्रारूप) का प्रस्ताव पास।

- केडीए बोर्ड की 143वीं बैठक में संशोधित प्लान पास किया गया
- लोअर और मिडिल क्लास को मिलेंगे ज्यादा प्लाट, 14.10 अरब का बजट पास
- 10 महीने में बजट को खर्च करने का प्लान, 15 प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से लगी मुहर



"न्यू कानपुर सिटी में लोगों को 15 अगस्त से प्लाट मिल सकेंगे। संशोधित ले-आउट को बोर्ड ने पास कर दिया है। अब हम आगे की तैयारी करेंगे।

**- मदन सिंह गर्ब्याल, उपाध्यक्ष, केडीए**

# दो विद्यालयों पर एक-एक लाख का जुर्माना लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● मनमानी फीस, कॉपी-किताबें खरीदने को बाध्य किया**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गठित शुल्क नियामक समिति ने शुल्क विनियमन अधिनियम 2018 के तहत दो विद्यालय सुधर सिंह एकेडमी कोयलानगर व द चिन्टल्स स्कूल रतनलालनगर पर एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। जिसे एक सप्ताह के अंदर जमा करना होगा।

जिले में विद्यालयों में मनमानी फीस वसूलने, विशेष दुकानों से कॉपी-किताबें व यूनीफार्म खरीदने के लिए कहने की शिकायत पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित शुल्क नियामक समिति की बैठक नवीन सभागार में बीते 24 मई को हुई थी। जिसमें स्कूलों की उपलब्ध कराई आख्या का समिति ने जांच की। इसमें पाया गया कि सुधर सिंह एकेडमी ने शुल्क विनियमन अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया। इस पर दोषी मानते हुए एक लाख का अर्थदण्ड लगाने का निर्णय लिया गया। इसी तरह जिलाधिकारी के निर्देश पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रशांत कुमार द्विवेदी ने द चिन्टल्स स्कूल की जांच की। जिसमें पाया गया स्कूल ने कई प्रावधानों की जानकारी न होने के कारण अनुपालन नहीं किया है। अधिनियम दो के बिंदु 3 (10) में प्राविधानों के विपरीत छात्रों ने फेयर डील बुक स्टॉल से किताबें लीं। जिसमें दोषी मानते हुए एक लाख का अर्थदण्ड लगाया। जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालय को अर्थदण्ड एक सप्ताह के अंदर जमा कराने का निर्देश दिया है।

# श्रद्धालु आज गंगा में लगाएंगे पुण्य की डुबकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा पर गुरुवार को श्रद्धालु गंगा में पुण्य की डुबकी लगाएंगे। शाम के समय घाटों पर दीपदान करेंगे। इस दौरान विभिन्न धार्मिक समितियों द्वारा मां गंगा को चुनरी ओढ़ाई जाएगी। नगर आयुक्त सुधीर कुमार और एडीएम सिटी राजेश कुमार ने सरसैया घाट व अन्य घाटों का निरीक्षण किया और वहां तैयारियां देखीं।

स्नान , दान और दर्शन के इस पर्व पर भोर में ही श्रद्धालु सरसैया घाट और अन्य घाटों पर पहुंचकर गंगा में पुण्य की डुबकी लगाएंगे। इस दौरान हर- हर गंगे और हर- हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठेगा। श्रद्धालु दूध, दही, शहद, शक्कर आदि से गंगा का अभिषेक करेंगे और उन्हें चुनरी अर्पित करेंगे। मां गंगा सेवा समिति की ओर से जाजमऊ स्थित सिद्धनाथ घाट पर गंगा जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजक बालयोगी अरुणपुरी चैतन्य ने बताया कि इस दौरान मां का अभिषेक होगा, महाआरती के साथ ही मां को चुनरी ओढ़ाई जाएगी। गंगा को चुनरी अर्पण का कार्यक्रम सुबह से ही सभी घाटों पर होगा। जाजमऊ के सिद्धनाथ घाट पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न अखाड़ों के संत, महात्मा और जनप्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। एडीएम सिटी और नगर आयुक्त ने सबसे पहले सरसैया घाट का निरीक्षण किया। वहां पार्किंग की व्यवस्था देखी। स्नान के दौरान कोई डूब न जाए इस लिए पानी में बल्लियां भी लगवाईं। गोताखोरों को भी वहां तैनात किया गया।



निरीक्षण करते नगर आयुक्त सुधीर कुमार और एडीएम सिटी राजेश कुमार।

**जरा ध्यान दें** अटल घाट, परमट मंदिर घाट, सरसैया घाट पर स्नान करेंगे श्रद्धालु, वीआईपी रूट पर यातायात का दबाव रहेगा, वैकल्पिक रास्ता चुनें

# गंगा दशहरा मेला में आज कई जगह बदला रहेगा ट्रैफिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा मेला पर आज अटल घाट, परमट मंदिर घाट, सरसैया घाट समेत शहर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। जिसको देखते हुए आम जनमानस की सुविधा के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है।

उन्नाव सीमा से परियर पुल होते हुए वाहन जिन्हें चौबेपुर की ओर जाना है, परियर पुल होते हुए बिठूर शनिदेव चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन चकलवंशी (उन्नाव) से गंगा बैराज से यश कोठारी चौराहा से ब्लू वर्ल्ड तिराहा से मंधना होते हुए जाएंगे।

चौबेपुर से कोई भी वाहन शनिदेव चौराहा बिठूर की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि गंगा बैराज होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।

मंधना व कल्याणपुर की ओर आने वाले वाहन यश कोठारी चौराहा से जुंगी चौराहा बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन गंगा बैराज होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।

कोई भी वाहन सरसैया घाट चौराहा से घाट की ओर नहीं जाएगा बल्कि चेतना की तरफ डायवर्ट होंगे। मर्चेंट चेंबर तिराहा की ओर आने वाले वाहन ग्रीनपार्क चौराहा होकर सरसैया घाट नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन ग्रीन पार्क चौराहा से दाहिने मुड़कर एमजी कॉलेज चौराहा होकर चलेंगे। डीएवी तिराहा से कोई वाहन सरसैयाघाट की ओर नहीं जाएगा बल्कि डीएवी तिराहा से दाहिने मुड़कर मधुबन तिराहा होकर चलेंगे। किला तिराहा की ओर से आने वाले वाहन जिन्हें गुप्तारघाट होकर सरसैया घाट चौराहा जाना है, गुप्तारघाट तिराहा से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन गुप्तारघाट तिराहा से मुड़कर व्यायामशाला तिराहा से मेघदूत तिराहा होकर चलेंगे।



अटल घाट का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### यहां अपने वाहन पार्क करें

- उन्नाव की ओर से आने वाले बड़े वाहन का गंगा पुल के पहले परियर कस्बा से ही डायवर्जन रहेगा। छोटे वाहन जानकी चढ़इया व शताब्दी विहार के बगल में पार्क किये जाएंगे।
- कन्नौज, फर्रुखाबाद, औरैया, कानपुर देहात की ओर से आने वाले बड़े वाहन जो चौबेपुर होते हुए बिठूर आएंगे, उनकी पार्किंग शनिदेव चौराहा से पहले ही चौबेपुर मार्ग पर की जाएगी।
- कानपुर नगर के मंधना होते हुए आने वाले वाहन चुंगी चौराहा से पहले गुरुकुल आश्रम के बगल में पार्क किए जाएंगे। दो पहिया वाहनों की पार्किंग चुंगी चौराहा से पहले की जाएगी।
- सिंहपुर से बिठूर की ओर आने वाले बड़े वाहनों की पार्किंग जयंती पैलेस में बाएं गुरुकुल आश्रम के बगल में स्थित पार्किंग स्थल में की जाएगी। दो पहिया वाहन चुंगी चौराहा से पहले पार्क किये जाएंगे। सरसैया घाट चौराहा से चेतना चौराहा के बीच दोनों ओर वाहन पार्क किए जायेंगे।

## रोटरी क्लब ने राहगीरों को बांटा ठंडा शर्बत

**कानपुर।** राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए रोटरी क्लब कानपुर आर्यंस ने यशोदा नगर बाईपास के पास शर्बत वितरण किया। उद्घाटन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सलाहकार देवी शरण तिवारी ने किया।

इस अवसर पर रोटरी के चार्टर डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, चार्टर सचिव मयंक गहोई, पूर्व अध्यक्ष राजीव कटियार, अध्यक्ष डॉ. बीएन आचार्य, सचिव अर्पित गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, अध्यक्ष निर्वाचित अमित खन्ना, निदेशक डॉ. डीके यादव आदि रहे।

## कांग्रेस का युवाओं को जोड़ने का अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस ने पुराने नाराज कांग्रेसियों को जोड़ने के साथ ही युवाओं को जोड़ने का अभियान भी शुरू किया है।

बुधवार को कानपुर महानगर कांग्रेस की ओर से तिलक हाल में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी प्रभारी अविनाश पांडे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और नेता विधान मंडल आराधना मिश्रा मोना ने संगठन सृजन अभियान के तहत जूम बैठक की। जिसमें कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलाध्यक्षों ने भाग लिया। कानपुर महानगर के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने अपनी बात रखते हुए वरिष्ठ नेताओं को बताया कि उनके द्वारा युवाओं को पार्टी में जोड़ने के लिए अभियान शुरु किया गया है और संविधान बचाओ सम्मेलन के साथ ही हर घर झंडा अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। अविनाश पांडे ने कहा कि हर तरह की गुटबाजी को खत्म करते हुए कांग्रेस के हर कार्यक्रम को सफल बनाना है। मीटिंग में हरप्रकाश अग्निहोत्री, शंकर दत्त मिश्रा, उमाशंकर तिवारी, अजय प्रकाश तिवारी, हमजा निहाल थे।

## रंजिश में पथराव कर फैक्ट्रीकर्मी का सिर फोड़ा

**कानपुर।** जूही परमपुरवा के झंडा चौराहा निवासी इंद्रेश के अनुसार रात करीब 10 बजे वह कारखाने में काम कर रहा था, तभी छोटी जूही बुड्ढा पार्क के पास रहने वाला अंकित और उसका भाई अंशू ने पुरानी खुन्नस में अपने साथी राकेश, विजय और छोटू समेत चार-पांच अन्य के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। ईंट लगने उसका सिर फट गया। जूही थाना प्रभारी मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जारी है।

## किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, किसी का दर्द...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार, जीना इसी का नाम है। अनाड़ी फिल्म में कलाकार राज कपूर का ये गीत आज भी लोगों की जुबान पर रहता है। ये गीत जिंदगी का अच्छा अनुभव रखने वाले के दिलों के करीब है।

बुधवार को भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ व अनुकृति रंगमंडल कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रंग पाठशाला में समापन दिवस पर प्रतिभागियों ने वहां मौजूद लोगों को इस बात का अहसास कराया।



रंग पाठशाला में कलाकारों को दी गई जानकारी। अमृत विचार

कार्यक्रम की शुरुआत आवाज की एक्सरसाइज से हुई और फिर करेक्टर को समझने का तरीका बताया गया। कृष्णा सक्सेना ने स्टेज पर मूवमेंट की जानकारी दी और बाद में प्रशिक्षिथियों ने अपने अनुभव साझा किये। वंदना तिवारी ने वर्कशॉप में थिएटर की पूरी यात्रा को समझने के बाद कहा कि अब वे बराबर रंगमंच से जुड़ी रहेंगी। वरिष्ठ रंगकर्मी संध्या सिंह और दीपिका ने कहा कि थिएटर जीवन को अनुशासित करने के साथ ही जीने का सही तरीका भी सिखाता है। शांति गुप्ता, दीपक, विजय ने कहा कि मुश्किलों के बीच भी आगे बढ़ने का रास्ता थिएटर दिखाता है। वसीम, भारती व रोशन के मुताबिक रंगमंच हम सभी को एक सूत्र में बांधता है। टीम भावना के साथ काम करना चाहिए। शांभवी और जिज्ञासा शुक्ला ने कहा कि वर्कशॉप से उनके भीतर आत्मविश्वास बढ़ा है। निशा वर्मा, राम गोपाल, सम्राट यादव, आकाश शर्मा मौजूद रहे।

# जून में दादानगर पुल का उद्घाटन जाए भूल

### समानांतर पुल से दूर है अभी अप्रोच रोड, आरओबी पर भी चल रहा है निर्माण कार्य, कई काम पड़े हैं अधूरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**726** मीटर लंबाई है दादानगर समानांतर पुल की

**7.50** मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है पुल

**54** करोड़ रुपये की लागत आई है

**अमृत विचार।** कानपुर दक्षिण क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए दादा नगर पुल के सामनांतर पुल का निर्माण किया जा रहा है। सेतु निगम के अधिकारी दावे कर रहे थे कि पुल का संचालन जून माह में शुरू हो जाएगा, लेकिन हकीकत ये है कि पुल के धीमी गति से निर्माण को देखते हुए इसका जून में शुरू होना संभव नहीं है। पुल पर काफी कार्य अधूरे हैं।

दादानगर पुल के समानांतर पुल का निर्माण सेतु निगम द्वारा वर्ष 2023 में शुरू किया गया था, जो जून माह में पूरा होना है। इसकी लंबाई 726 मीटर और चौड़ाई साढ़े सात मीटर है। इसका निर्माण 54 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है। पुल का निर्माण वर्तमान स्थिति में धीमी गति से चल रहा है, जिसकी वजह से यह उम्मीद नजर नहीं आ रही है कि यह पुल जून माह में शुरू हो सकेगा।



दादा नगर समानांतर पुल का निर्माण करते मजदूर। अमृत विचार

पुल पर दोनों तरफ अभी अप्रोच रोड का कार्य बाकी है, इसके अलावा रैंप, तारकोल मिक्स गिट्टी की पर्त, सर्विस रोड, स्ट्रीट लाइट आदि कार्य होना शेष है। रेलवे वाले हिस्से पर भी अभी जरूरी कार्य बाकी है, जिससे साफ जाहिर है कि पुल का निर्माण पूरा होने में जुलाई माह तक का वक्त लग सकता है। बावजूद इसके सेतु निगम के अधिकारियों का कहना है कि पूरी कोशिश है कि जून माह में दादा नगर समानांतर पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा।

### जयपुरिया पुल 2026 में हो सकेगा तैयार

दादानगर पुल की तरह जयपुरिया क्रासिंग पुल का निर्माण भी धीमी गति से हो रहा है। कैंट क्षेत्र के लोगों को फूलबाग व माल रोड आने व जाने पर जयपुरिया क्रासिंग पर लगने वाले जाम से बचाने के लिए वर्ष 2022 में यहां पर पुल का निर्माण शुरू हुआ था, जो वर्ष 2025 तक पूरा होता नहीं दिख रहा है। यह पुल 800 मीटर लंबा और 7 .50 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है, जिसकी लागत करीब 60 करोड़ रुपये है। लेकिन पुल के निर्माण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए साफ जाहिर है कि पुल का निर्माण इस वर्ष पूरा नहीं हो सकेगा। इसका लाभ 2026 तक लोगों को मिलेगा। पुल अभी हवा में ही है, कई पिलर अभी तक अधूरे है और अप्रोच रोड का काम कोसो दूर है।

## मानव तस्करी में आरोपी सौरभ की पांच दिन की पुलिस रिमांड मंजूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 7 से 11 जून तक मिली रिमांड में खुलेंगे कई राज, आरोपी से होगी पूछताछ
- हंसपुरम से किशोरी को जयपुर ले गया, वहां एक महिला को बेच दिया था

**अमृत विचार।** हंसपुरम की किशोरी को जयपुर में बेचने वाले आरोपी सौरभ मिश्रा उर्फ गुप्ताजी की पुलिस रिमांड बुधवार को मंजूर हो गई। एडीजे-25 की कोर्ट ने अर्जी पर सुनवाई करते हुए 7 से 11 जून तक पुलिस रिमांड देने का फैसला सुनाया। पुलिस के अनुसार सौरभ की रिमांड मिलने से मानव तस्करी से जुड़े कई राज व साक्ष्य सामने आएंगे।

दर्ज एफआईआर के अनुसार नौबस्ता के हंसपुरम की 16 वर्षीय किशोरी को 29 मार्च को मुख्य आरोपी सौरभ बेहोश करके जयपुर ले गया था, जहां गायत्री सामूहिक विवाह संस्था की संचालिका गायत्री को ढाई लाख में सौदा करके बेच दिया। इसके बाद गायत्री ने शादी के नाम पर किशोरी को नारथम को साढ़े तीन में बेच दिया था। इस बीच किसी तरह से पांच अप्रैल को किशोरी गायत्री के चुंगल से निकल भागी। सात अप्रैल को उसने फोन करके लखनऊ में अपने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद घरवालों ने नौबस्ता में रिपोर्ट दर्ज कराई। नौ अप्रैल को पुलिस ने किशोरी को बरामद किया। मामले में गायत्री व उसके कार चालक हनुमान सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा था। सौरभ ने 11 मई को स्पेशल रिमांड मजिस्ट्रेट कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। 14 मई को पुलिस ने जेल में सौरभ के बयान दर्ज किए। पुलिस ने 23 मई को कस्टडी रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी दी, जो मंजूर हो गई है। एडीसीपी महेश कुमार ने बताया कि सौरभ की पांच दिन की कस्टडी रिमांड मंजूर हुई है। उसे 7 जून को सुबह 10 बजे रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान मानव तस्करी से जुड़े रैकेट और सदस्यों के बारे में सारी जानकारी सामने आएगी।

### दो युवतियों की भी होगी तलाश

हंसपुरम चौकी इंचार्ज ने बताया कि आरोपी सौरभ ने पूछताछ में सुमन व पलक दो युवतियों के बारे में कहा था कि सुमन के जरिए ही वह जयपुर में गायत्री से मिला था। जयपुर में एक मामले में सुमन की जमानत गायत्री ने कराई थी। जिसमें सजा होने के बाद से वह फरार चल रही है। वहीं, सुमन के साथ रहने वाली पलक लड़कियों को अपने जाल में फंसाने का काम करती है। सौरभ के रिमांड पर आने के बाद उसकी भी तलाश होगी। चौकी प्रभारी ने बताया कि गायत्री और चालक के खिलाफ चार्जशीट तैयार है। छह जून को कोर्ट में दाखिल की जाएगी।



वृद्धाश्रम में वृद्ध का हाल-चाल पूछते आयोग सदस्य। अमृत विचार

## आयोग सदस्य ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य आए

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुण्डे ने वृद्धाश्रम दामोदर एवं राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, मेहरबान सिंह का पुरवा का निरीक्षण किया। वृद्धाश्रम में मौजूद वृद्धों को माला पहनाकर सदस्य ने उनका सम्मान किया।

बुधवार को आयोग के सदस्य ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज से जुड़ी योजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें परियोजना निदेशक, डीआरडीए आलोक कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों ने शिरकत की। से समीक्षा बैठक एवं मामलों की जनसुनवाई की गई। आयोग सदस्य ने वृद्धजनों के कल्याणार्थ संचालित सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया।

## डंपर में घुसा टैंकर परिचालक की मौत

**कानपुर।** नौबस्ता-रामादेवी हाईवे पर चालक को झपकी आने पर टैंकर खड़े डंपर में जा घुसा। हादसे में टैंकर के परिचालक की मौत हो गई, जबकि चालक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

नौबस्ता से रामादेवी की तरफ बुधवार सुबह एक टैंकर जा रहा था, तभी कालिका होटल व नौबस्ता के बीच में टैंकर चालक को झपकी आ गई और वह हाईवे पर खड़े डंपर में पीछे से जा घुसा। टैंकर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक व परिचालक टैंकर के केबिन में फंस गए। हादसे की सूचना पाकर पहुंची चकेरी पुलिस ने लोगों की मदद से फंसे चालक व परिचालक को किसी तरह बाहर निकाला और इलाज के लिए कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा। जहां डॉक्टर ने परिचालक को मृत घोषित कर दिया। परिचालक मथुरा के बलदेव सलेमाबाद निवासी 32 वर्षीय विजय पाल सिंह, जबकि चालक मथुरा के महावन नगला रतिया का रहने वाला हरिओम सिंह है। जिसे गंभीर अवस्था में कांशीराम से हैलट रेफर किया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही।




शोभायात्रा में श्रीराम की झांकी के साथ चलतीं संस्था की सदस्य। अमृत विचार

## शोभायात्रा में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल की ओर से ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गणेश जी, बांके बिहारी, राम दरबार व शिव- पार्वती जी की झांकी ने हर किसी का मन मोह लिया। शिव तांडव की झांकी भी रही।



शोभायात्रा में कई झांकियां निकलीं। अमृत विचार

शोभायात्रा यात्रा माहेश्वरी धर्मशाला चावल मंडी से मेस्टन रोड, टोपी बाजार ,चौक होते हुए धर्मशाला पहुंची। भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शरद सोनी, महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बागंड़, राकेश मूदड़ा , पंडित आनंद गौड़ , गौरव डागा, अरविंद झवर, रोहित कुमार सारडा, राघव नोवाल, शिवम बाहेती आदि थे।

## सार-संक्षेप

### जेईई परीक्षा का अग्रणी शिक्षा संस्थान बना वेदांतु



दक्ष तायलिया।

**कानपुर।** जेईई एडवांस्ड 2025 में वेदांतु के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया। बेंगलुरू के दक्ष तायलिया ने गणित में 120 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 15वां स्थान प्राप्त किया है और कर्नाटक राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वेदांतु के 3 वर्षीय दीर्घावधि बैच के छात्र दक्ष का अटूट अनुशासन, प्रतिबद्धता प्रेरणादायक रहा है। इसके अलावा गोरखपुर के प्रखर सिंह ने लॉन्ग टर्म बैच में अखिल भारतीय 92वीं रैंक हासिल की है। संस्थान के 8 छात्रों को शीर्ष 100 में, 20 को शीर्ष 500 में और 83 को शीर्ष 5,000 में स्थान मिला है। वेदांतु के सह-संस्थापक और प्रमुख आनंद प्रकाश ने कहा हमारे छात्रों को इस स्तर पर सफल होते देखना ऊर्जावान है।

### आर्यन राज को मिलेगा 25 हजार का पुरस्कार



आर्यन राज।

**कानपुर।** गुजैनी स्थित दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन इस वर्ष का सौमित्र दुबे शिखर सम्मान आर्यन राज को देगा। संस्थापक अध्यक्ष केए दुबे पद्येश ने बताया कि इस वर्ष आर्यन राज का चयन आईआईटी में हुआ है। सम्मान के तहत आर्यन राज को 25000 रुपये का नगद पुरूस्कार दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह सम्मान 22 जुलाई को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 और 12 के जिन छात्र छात्राओं ने किसी विषय में 99% व 100% अंक प्राप्त किये हैं, उन्हें भी सम्मानित किया जायगा।

### रत्नाकर पटनायक ने प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला



रत्नाकर पटनायक।

**कानपुर।** रत्नाकर पटनायक को 1 जून को भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। 1968 में जन्मे रत्नाकर पटनायक मार्च 1990 में भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रत्यक्ष भर्ती अधिकारी के रूप में शामिल हुए थे। वे भौतिकी (ऑनर्स) में स्नातक हैं और लोक प्रशासन में मास्टर डिग्री रखते हैं। वे भारतीय बीमा संस्थान के फेलो हैं और उनके पास स्वास्थ्य बीमा में डिप्लोमा भी है। एलआईसी के प्रबंध निदेशक का पदभार संभालने से पहले, रत्नाकर पटनायक निगम के कार्यकारी निदेशक (निवेश-फ्रंट ऑफिस) और मुख्य निवेश अधिकारी थे।

### राष्ट्रीय ग्रेपलिंग में निर्णायक सुनील सम्मानित



मुकाबला देखते सुनील।

**कानपुर।** महाराष्ट्र के नासिक स्थित मीनाताई ठाकरे स्टेडियम के इनडोर हाल में 30 मई से एक जून तक 18वीं राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न भार वर्गों में महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक के रूप में शहर के सुनील चतुर्वेदी ने बेहतरीन निर्णायक की भूमिका निभाई। ग्रेपलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ओपी नरवाल ने उन्हें सम्मानित किया। ग्रेपलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव रविकांत मिश्रा, सात्विक तिवारी, पवन सिंह चौहान, मुल्तान सिंह राणा, फाउंडर शिवकुमार पांचाल, ऑफिस सचिव सीमा राणा, ग्रेपलिंग एसोसिएशन ऑफ कानपुर के अध्यक्ष डॉ. आलोक श्रीवास्तव ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### जेईई एडवांस्ड में अनअकैडमी के छात्रों का जलवा



सफल छात्रों ने केक काटा।

**कानपुर।** जेईई एडवांस्ड 2025 में अनअकैडमी ने सफलता की एक नई कहानी लिखी है। इस वर्ष अनअकैडमी के 4129 से ज्यादा छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की। अनअकैडमी के को-फाउंडर सुमित जैन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में हमारे छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। हम उज्जवल केसरी सहित सभी छात्रों को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि 18 छात्र टॉप 100, 787 छात्र टॉप 5000, और 2205 छात्र टॉप 15000 रैंक में आए हैं।

**निरीक्षण** | स्टेशन के पुनर्निर्माण पर 766 .91 करोड़ का खर्च आंका गया

# सेंट्रल स्टेशन का विकास देखा एडीआरएम ने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमृत भारत स्टेशन योजना में सेंट्रल स्टेशन का निर्माण तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य देखने के लिए अपर मंडल रेल प्रबंधक संजय सिंह एवं मुख्य अभियंता रेलवे कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचे और निर्माण कार्य पर संतुष्टि जाहिर की। सेंट्रल स्टेशन का 766.91 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्निर्माण किया जा रहा है।



कानपुर सेंट्रल स्टेशन का विकास कार्य चल रहा है। अमृत विचार

- अमृत भारत स्टेशन योजना में देश के 53 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प होगा

बुधवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक अपनी टीम के साथ कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। सेंट्रल स्टेशन के कैंट साइड और सिटी साइड में चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा की और रास्ते में आने वाली बाधाओं को बारे में जानकारी ली। रेलवे अधिकारियों का कहना था कि मेट्रो का संचालन शुरू हो चुका है और जल्द ही स्टेशन का कार्य पूरा किया जाएगा। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह के मुताबिक जोन के पांच प्रमुख स्टेशनों को टॉप फाइव की सूची में शामिल किया गया है जिसमें कानपुर सेंट्रल स्टेशन भी शामिल है। जोन के 7 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प होना है।

### कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर हो रहे ये काम

- स्टेशन के सिटी साइड में सिटी सेंटर का निर्माण
- स्टेशन के आसपास के परिसर का सौंदर्यीकरण
- स्टेशन पर यात्रियों को एयरपोर्ट जैसे सफर का अहसास होगा
- स्टेशन के बाहर बाउंड्रीवाल, सर्विस रोड, पार्किंग और सरकुलेटिंग एरिया
- लिफ्ट/एस्केलेटर साफ सफाई, मुफ्त वाईफाई सुविधा
- स्टेशन पर व्यवासायिक बैठकों के लिए नामित स्थान।
- स्टेशन के बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एक्जीक्यूटिव लाउंज।
- दिव्यांगजनों के लिए समस्त प्रकार की सुविधाएं।

### ऑपरेशन ब्लू स्टार की याद में गुरुद्वारे में अरदास

**कानपुर।** 1984 में कांग्रेस सरकार द्वारा सिखों के सर्वोच्च धार्मिक स्थल श्री दरबार साहिब अमृतसर परिसर के अंदर श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व के अवसर पर किए गए नरसंहार ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में गुरुद्वारा लाजपत नगर में अरदास की गई। बुधवार को गुरुद्वारा में गुरबाणी से कार्यक्रम का आरंभ किया गया। सर्वप्रथम भाई सज्जन सिंह ने गुरबाणी गाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। गुरुद्वारा लाजपत नगर के ग्रंथी भाई हरजीत सिंह द्वारा अरदास की गई। इस अवसर पर सिख वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह छाबड़ा विक्की ने कहा कि सन 1984 में कांग्रेस ने दो बार सिखों पर नरसंहार किया। पहला ऑपरेशन ब्लू स्टार के नाम पर दूसरा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद। जब भी यह समय आता है तो पूरा सिख समाज गम के साथ-साथ रोष में हो जाता है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा सिखों के नरसंहार की याद में 4 जून से 7 जून तक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर मनप्रीत सिंह भट्टी, चरणजीत सिंह नामी, रिंपी बिंद्रा, सोमी, हरमिंदर सिंह पुनी, मंजीत सिंह, गगन सोनी, सरबप्रीत सिंह रौनक, अजीत सिंह, मंजीत ढुकराल, बब्बू वीर, हरमीत सिंह बाबा, कंवलजीत सिंह सचदेवा, कैप्टन भाटिया, लव सिंह आदि मौजूद रहे।



गुरुद्वारा लाजपत नगर में अरदास की गई। अमृत विचार

# पानी के अभाव में किसानों ने पान से किया किनारा

शैलेश शुक्ला, चौबेपुर



मालौं गांव में बंजर पड़ी पान की भीट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिंचाई के लिए पानी का समुचित प्रबंध न होने से क्षेत्र के पान किसान अपने पुश्तैनी कार्य से किनारा करते जा रहे हैं। किसी समय पान की अच्छी खेती के लिए दूर-दूर तक विख्यात चौबेपुर क्षेत्र संसाधनों के अभाव में अपनी पहचान खोता जा रहा है। कानपुर ही नहीं अपितु लखनऊ की पान दरीबा मंडी तक पहुंचने वाला क्षेत्र उत्पादित पान दिनों दिन सीमित होता जा रहा है। फसल के लिए आवश्यक पानी की कमी ने किसानों को इस कार्य से दूर कर दिया है। यही वजह है कि विकास खंड क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक गांवों में पान उत्पादन के लिए कड़ी मेहनत से तैयार की गई भीटी (खेत) अब बंजर पड़ी नजर आती हैं।

मालूम हो कि करीब दो दशक पहले तक क्षेत्र में बड़ी तादाद में पान की फसल तैयार की जाती थी। क्षेत्र के मालौं, गजेनपुर, पचोर, महराजपुर, हरदासपुर, फत्तेपुर, उदेतपुर, बंसठी, बहरमपुर, बोझा आदि ऐसे ही गांवों में शुमार हैं, जहां बड़े पैमाने पर पान की पैदावार होती थी। सैकड़ों बीघा भूमि पर बनी पान की भीटी पर सुबह से शाम तक चौरसिया समाज के लोग कंधे पर पानी का घड़ा रखे फसल की सिंचाई करते नजर आते थे। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उत्पादित पान कानपुर के अलावा लखनऊ की पान दरीबा मंडी में बिक्री के लिए ले जाया जाता था। अपनी विशेषता के चलते चौबेपुर क्षेत्र का देसी पान दूर-दूर तक प्रसिद्ध था।संसाधनों के अभाव व परिवहन में खर्चा अधिक आने से किसानों का अपने पुश्तैनी कार्य से मोह भंग हो गया।

### गर्मियों के दिनों में तीन बार होती है सिंचाई

बारिश न होने व क्षेत्रीय रजबहों में पानी न आने से मार्च महीने में ही तालाबों में बूंद पानी नहीं रहता। परिणाम स्वरूप फसल सिंचाई के लिए पानी की किल्लत आरंभ हो जाती है।किसानों के बतायेनुसार मंहगे डीजल के चलते पंपिंगसेट से फसल की सिंचाई कर पाना आसान नहीं। हैंडपंप के सहारे दिन में तीन से चार बार फसल की सिंचाई कर पाना बेहद मुश्किल होता है। पान का पौधा बेहद नाजुक होता है। समय-समय पर पानी न मिल पाने से फसल बर्बाद होने में देर नहीं लगती।

### मेहनत अधिक होने से पुश्तैनी कार्य से किया किनारा

मालौं गांव के पान उत्पादक राकेश चौरसिया, रामविलास चौरसिया, हरिश्चंद्र, प्रेमचंद, ननकू, अशोक, संजय, संतोष और छोटे चौरसिया आदि बताते हैं कि पूर्व में गांव के बड़ी संख्या में लोग पान की खेती बाड़ी करते थे। पानी के अभाव में अधिक मेहनत व उत्पादन कम होने के कारण किसानों ने इस कार्य से पूरी तरह से किनारा कर लिया है।शासन स्तर से भी इस बाबत प्रयास नहीं किए गए, नतीजतन पान की भीट अब बंजर पड़ी नजर आती हैं।

> जल संचयन के लिए तालाबों की साफ सफाई व मिट्टी खुदाई का कार्य समय समय पर कराया जाता है। इधर बीते कुछ वर्षों के दौरान पर्याप्त बारिश न होने से तालाब पूरी तरह से भर नहीं पाते। परिणाम स्वरूप पान किसानों के समक्ष समस्या उत्पन्न होती है।
>
> – **चंद्रमणि**, खंड विकास अधिकारी चौबेपुर

# हर बार होता पौधरोपण फिर क्यों वृक्ष नहीं बन पाते पौधे

**पर्यावरण दिवस विशेष**

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर



**अमृत विचार।** हर साल पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर देश और हमारे ककवन बिल्हौर क्षेत्र में, बड़े उत्साह के साथ पौधरोपण अभियान चलाए जाते हैं। हजारों पौधे लगाए जाते हैं, तस्वीरें खींची जाती हैं और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प लिए जाते हैं। लेकिन यह एक कड़वी सच्चाई है कि इन अभियानों के बावजूद, हम अपने लगाए गए पौधों को सहेज पाने में अक्सर विफल रहते हैं। जिसका कारण है कि पौध रोपण तो होता है लेकिन बड़े पेड़ नहीं बन पाते।

यह प्रश्न अब एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है कि आखिर हर साल इतने पौधे लगाने के बावजूद हमारी हरियाली उतनी तेजी से क्यों नहीं बढ़ रही, जितनी दिखनी चाहिए? और क्यों लगाए गए अधिकांश पौधे कुछ ही समय में सूख जाते हैं या नष्ट हो जाते हैं?

जबकि ककवन विकास खण्ड क्षेत्र के औरोताहारपुर ,कसिंगवा ,उठ्ठा ,विषधन ,मैदो, फत्तेपुर ,गढ़ेवा व बिल्हौर ब्लाक के मदाराराय गुमान ,राधन ,देवहा ,अरौल ,बकोठी ,खसपुर ,पूरा ,भढ़िया ,बैड़ी अलीपुर ,सांभी , सुजावल ,सहित कई ग्राम पंचायत मे बड़ी मात्रा मे वन विभाग की ओर से पौधरोपण वन विभाग और मनरेगा से होता है लेकिन इन पौधरोपण का कोई अर्थ ही नहीं निकल पाता है । ग्रामीण इलाकों में वन विभाग के साथ-साथ ग्राम पंचायत के द्वारा भी पौधरोपण कराया जाता है लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते पौधरोपण के अधिकतर पौधे को संरक्षित नहीं किया जा सका, जिससे प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों रुपये सरकार को चूना तो लगता है लेकिन पर्यावरण के नाम पर महज मजाक ही चल रहा है ।

### समस्या की जड़ें कई स्तरों पर

- **लगाने के बाद उपेक्षा :** पौधरोपण अभियान अक्सर एक दिवसीय कार्यक्रम बनकर रह जाते हैं। पौधे लगाने के बाद उनकी नियमित देखभाल, जैसे पानी देना, जाल लगाना और खरपतवार हटाना, अक्सर छोड़ दिया जाता है।
- **गलत प्रजातियों का चुनाव :** कई बार स्थानीय जलवायु और मिट्टी के लिए अनुपयुक्त पौधों की प्रजातियों का चुनाव किया जाता है, जिससे उनके जीवित रहने की संभावना कम हो जाती है।
- **अनुपयुक्त स्थान :** पौधों को ऐसे स्थानों पर लगाया जाता है जहां उन्हें पर्याप्त धूप, पानी या उचित विकास के लिए जगह नहीं मिल पाती।
- **मानवीय अतिक्रमण और पशुधन :** खुले में लगाए गए पौधे अक्सर मानवीय अतिक्रमण (जैसे निर्माण, कचरा डंपिंग) और आवारा पशुधन द्वारा नष्ट कर दिए जाते हैं।
- **जागरूकता की कमी :** सामान्य जनता में वृक्षों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति अपेक्षित जागरूकता का अभाव है। लोग वृक्षारोपण को एक औपचारिकता मानते हैं, न कि एक जीवनदायिनी प्रक्रिया।
- **सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन :** कई सरकारी योजनाएं वृक्षारोपण के लिए होती हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी देखी जाती है।

## सार-संक्षेप



सपा नेताओं ने अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव को ज्ञापन सौंपा। अमृत विचार

### बकरीद व जगन्नाथ यात्रा से पहले फैली गंदगी

**कानपुर।** सपा पदाधिकारियों ने बुधवार को गंगा दशहरा, बकरीद और जगन्नाथ यात्रा के मद्देनजर नगर निगम मुख्यालय में अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, गलियों में कूड़े की समस्या को हल कराने की मांग की। सपा नगर अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि शहर में भीषण गंदगी व्याप्त है। सफाई के नाम पर नगर निगम खानापूर्ति कर रहा है। पीने के पानी की भी आपूर्ति नहीं हो रही है। 4 जून के ही दिन पीडीए अभियान की शुरूआत हुई थी। इसको लेकर 1607 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, राष्ट्रीय सचिव अपर्णा बंसल जैन, राष्ट्रीय प्रवक्ता डा नीतेंद्र यादव, नंदलाल जायसवाल, महेन्द्र सिंह बड़े ठाकुर, शादाब आलम, दीपक खोटे, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, पार्षद राकेश निषाद, आलेख सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### खाद्यान्न परिवहन कंपनी से तीन दिन में मांगा जवाब

**चौबेपुर।** उचित दर विक्रेता की दुकानों की चौहद्दी तक खाद्यान्न न पहुंचाकर कस्बे के हनुमान मंदिर के निकट ट्रक से कोटेदारों को खाद्यान्न वितरित किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ा। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा कराई गई जांच पड़ताल में डीएसओ ने मामले को सही बताते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की है। मालूम हो कि ब्लॉक क्षेत्र से जुड़ी 63 राशन दुकानों में खाद्यान्न पूर्ति का ठेका श्री कृष्ण अर्जुन ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन (परिवहन ठेकेदार डोर स्टेप कंपनी) कानपुर नगर के अधीन है। इधर लंबे समय से उक्त कंपनी के पार्टनर आशीष पांडे द्वारा प्रत्येक माह खाद्यान्न राशन दुकानों की चौहद्दी तक न पहुंचाकर कस्बे में हनुमान मंदिर के निकट ही ट्रक से सीधा वितरित कराया जा रहा था। ठेकेदारी की मनमानी के चलते राशन दुकानदार परेशान थे। कोटेदार किराए के वाहनों से खाद्यान्न ले जाने को विवश थे। मंगलवार को मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लिया था। जिस पर एडीएम आपूर्ति राकेश कुमार ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बिल्हौर से मामले की जांच कर तत्काल रिपोर्ट दिए जाने को कहा। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने डीएम समेत विभागीय उच्चाधिकारियों को प्रेषित रिपोर्ट में बताया है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो सही पाया गया। मंगलवार को सीतापुर के महमूदाबाद चीनी मिल से जिस ट्रक से 190 बोरी (95 क्विंटल) ब्लॉक में लाई गई,उसी ट्रक से चीनी का वितरण कस्बे के हनुमान मंदिर के निकट एक ही स्थान पर कोटेदारों को किया जा रहा था। जिस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने राकेश कुमार ने परिवहन कंपनी को नोटिस दे तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कैंडल मार्च

**कानपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर जन जागरूकता के लिए दबौली में कैंडल मार्च निकालकर पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक न अपनाने का संकल्प लिया गया। जन जागृति मंच के अध्यक्ष एवं दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य विनोद मिश्र के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। संयोजक विनोद मिश्र ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम है विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत यह प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या से निपटने का एक वैश्विक संकल्प है। इस अवसर पर अधिक संख्या में पौधे लगाने और नदियों को साफ रखने का भी संकल्प लिया गया। सरला गुप्ता शासकीय अधिवक्ता, दीपक श्रीवास्तव, अजीत गुप्ता एडवोकेट, कृष्ण जी शुक्ला, अनिल गुप्ता, प्रहलाद दुबे, आलोक मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, अनिल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# डेरा डाले लोगों का सत्यापन कर स्थान छोड़ने के निर्देश

## ककवन क्षेत्र पहुंचे एसीपी, डेरा डाले लोगों का किया सत्यापन

संवाददाता, बिल्हौर



ककवन क्षेत्र में डेरा डाले लोगों का सत्यापन करते एसीपी अमरनाथ यादव।

**अमृत विचार।** बिल्हौर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अमर नाथ यादव ने बुधवार को ककवन क्षेत्र में डेरा डालकर रह रहे परिवारों का सत्यापन किया। सत्यापन अभियान के दौरान, एसीपी ने अवैध रूप से कब्जा किए गए स्थान को खाली करने के निर्देश दिए।

कानपुर जनपद बॉर्डर से लगभग 50 किलो मीटर दूर जाने के भी निर्देश दिए गए है। ककवन नहर कोठी मैदान में परिवारों के बारे सत्यापन के दौरान पता चला कि सभी डेरे वाले निवाड़ी दतिया मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। एसीपी बिल्हौर ने बताया कि यह सत्यापन स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने इन लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित और वैध स्थान पर जाने की सलाह दी। पुलिस प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई के संबंध में विशेष जानकारी नहीं दी गई, लेकिन ऐसे अभियानों का उद्देश्य अक्सर अतिक्रमण हटाना और संबंधित व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करना होता है।

इसके साथ ही बिल्हौर थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर भी स्थाई रूप से रह रहे लोगों के तमाम दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया। जबकि उत्तरीपूरा कस्बे में भी इसी तरह अभियान चलाकर तमाम लोगों के बारे में पुलिस ने जानकारी जुटाई है। अभियान के दौरान बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज तथा ककवन थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा सहित 1.40 लाख का फुटवियर चोरी

**कानपुर।** बाबूपुरवा में सक्रिय चोरों ने 1.40 लाख का फुटवियर लदा ई-रिक्शा चोरी कर ले गए। ट्रांसपोर्ट से बिल्टी बनवाकर चालक बाहर आया तो घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फजलगंज निवासी रवि प्रताप खुद का ई-रिक्शा चलाते हैं। उसने बताया कि सोमवार शाम वह गुमटी नंबर पांच स्थित द शूज बिज का माल लेकर ट्रांसपोर्ट पहुंचे थे। नारायण ट्रांसपोर्ट में माल उतराने के बाद अंदर बिल्टी बनवाने चले गए। इसी बीच चोरों ने 1.40 लाख रुपये कीमत का चार गत्ता फुटवियर लदा ई-रिक्शा पार कर ले गए।

# 58 केवी के जनरेटर से रोशन होंगी स्ट्रीट लाइटें

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** 25 केवी का जनरेटर खराब होने के बाद नगर पालिका ने 58 केवी का जनरेटर खरीदा है। इससे अब नगर के वार्डों की स्ट्रीट लाइटें जगमगाएंगी।

गौरतलब है कि 25 केवी का जनरेटर खराब होने से कई महीनों से नगर के वार्डों में स्ट्रीट लाइटों का सुचारु रूप से संचालन नहीं हो पा रहा था। समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका बोर्ड मीटिंग में 58 केवी के जनरेटर का प्रस्ताव पास किया गया, इसके बाद बुधवार को नगर पालिका द्वारा 58.5 केवी के जनरेटर को खरीदा गया। यह जनरेटर नगर पालिका परिसर में स्थापित किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष इकलाख खान और ईओ अंजनि मिश्रा ने बताया कि जनरेटर के संचालन से स्ट्रीट लाइटों का सुचारु रूप से संचालन होगा। इसके अतिरिक्त, आपातकालीन आवश्यकता पड़ने पर पालिका परिसर में स्थित पंप संख्या 01 का संचालन भी जनरेटर से किया जा सकेगा। जिससे नगर में पेयजल आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी। यह कदम नगर पालिका की सेवाओं में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**बैठक** | सोशल ऑडिट पारदर्शिता और जवाबदेही का महत्वपूर्ण माध्यम

# विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें

संवाददाता, बिल्हौर



बिल्हौर ब्लॉक में सोशल ऑडिट की बैठक करते जिला विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विकास अधिकारी कानपुर, गजेंद्र प्रताप सिंह ने बिल्हौर ब्लॉक में सोशल ऑडिट की बैठक की और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, गजेंद्र प्रताप सिंह ने सोशल ऑडिट के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल ऑडिट पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके द्वारा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक उनके लाभ पहुंचने की जांच की जा सकती है। जिला विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सोशल ऑडिट की प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जाए और सभी संबंधित नियमों और दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सोशल ऑडिट में जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए ताकि जमीनी स्तर पर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का पता चल सके। यह बैठक बिल्हौर ब्लॉक में विभिन्न विकास योजनाओं के सोशल ऑडिट को लेकर आयोजित की गई थी। इस दौरान, सिंह ने अधिकारियों को सोशल ऑडिट के दौरान पाई गई किसी भी अनियमितता या कमी को तुरंत संज्ञान में लेने और उचित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान ककवन बिल्हौर ब्लाक के तमाम विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई और उनमें तेजी के साथ गुणवत्ता पूर्ण बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीओ बलराम, एपीओ शिशिर कुमार, लिपिक प्रशांत पाठक,सचिव बाबू सिंह यादव, राज किशोर, समीर गुप्ता के साथ अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।

### कार्यों की लगातार करते रहें मॉनिटरिंग

- जिला विकास अधिकारी कानपुर, गजेंद्र प्रताप सिंह ने बैठक के दौरान निर्देश दिए किए क्षेत्र में जो भी विकास कार्य चल रहे हैं। उनकी लगातार मॉनिटरिंग करते रहें, जिससे निर्माणाधीन कामों की गुणवत्ता बनी रहेगी। और काम समय से पूरे होंगे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2025 session in the following disciplines
• Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
• Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
• Faculty of Pharmacy
• Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
• Humanities and Journalism English
• Faculty of Management
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2025
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
हयूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# खोजी कुत्ते ने घर में ही खोज निकाले जेवर-कैश

संवाददाता, शिवली

- अलमारी से गायब जेवर और 4.50 लाख रुपये दूसरे कमरे की ड्रेसिंग टेबल में मिले
- खोजी कुत्ते ने पहले अलमारी सूंघी, फिर टोह लेकर ड्रेसिंग टेबल के पास भौंकने लगा

**अमृत विचार।** शिवली क्षेत्र के शेखूपुर गांव में एक किसान के घर में अलमारी में रखे साढ़े चार लाख रुपये और जेवरात चोरी होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब खोजी कुत्ता की मदद ली तो पल भर में ही सब कुछ सामने आ गया। खोजी कुत्ता ने घर में ही जेवरात और रुपयों की पोटली को खोज निकाला। पुलिस को इस मामले में परिवार के सदस्य पर ही संदेह है, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के शेखूपुर गांव निवासी महेश अग्निहोत्री के मुताबिक उन्होंने हाल में ही अपना एक खेत बेचा था। उसकी बिक्री के 4 लाख 50 हजार रुपये कमरे में रखी अलमारी के लॉकर में रखे थे। उसी लॉकर में बड़े पुत्र शिवम की पत्नी राधिका का सोने का हार, मंगलसूत्र, सोने की चेन, 2 अंगूठी भी रखी थीं। मंगलवार की रात खाना खाने के बाद महेश अग्निहोत्री घर के सामने पशुबाड़े में बंधीं भैंसों की देखरेख करने के लिए सोने चले गए। छोटा अविवाहित पुत्र सत्यम घर के बाहर चबूतरे पर सो गया। शिवम अपनी पत्नी राधिका के साथ घर की छत पर सो रहा था।

बुधवार की सुबह शिवम और राधिका छत से नीचे उतरकर आए और उन्होंने पिता महेश, भाई सत्यम के साथ डायल-112 पर पुलिस को घर में चोरी होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही बाघपुर चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार मिश्रा, सिपाही आलोक तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया। फॉरेंसिक टीम घर में नमूने संकलित कर रही थी, उसी समय खोजी कुत्ता कमरे में रखी अलमारी को सूंघने के बाद छत पर गया।

छत पर टोह लेने के बाद फिर नीचे उतरा और दूसरे कमरे में गया। कमरे में रखी ड्रेसिंग टेबल के पास जाकर जोर-जोर से भौंकने लगा। फॉरेंसिक टीम ने रैक खोलकर देखा तो उसमें एक कपड़े में लिपटे रुपये और आभूषण मिल गए। इस पर गृहस्वामी महेश और पुलिस ने राहत की सांस ली।


छानबीन के लिए पहुंचा डॉग स्क्वॉयड और फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

### पुलिस को परिवार के सदस्य पर ही संदेह

- घर के एक कमरे में रखी अलमारी के लॉकर से कीमती जेवरात और साढ़े चार लाख रुपये गायब होने और फिर दूसरे कमरे में रखी ड्रेसिंग टेबल के रैक से पोटली में बरामद होने पर पुलिस को परिवार के ही सदस्य पर साजिश रचने का संदेह है। इस मामले में इंस्पेक्टर (अपराध) धीरेंद्र सिंह का कहना है कि रुपये और आभूषण घर में ही मिल गए हैं। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।

# खाद भंडार से 8 बोरी धान का बीज और नकदी ले गए शातिर

संवाददाता, शिवली

- शिवली क्षेत्र के सहतावनपुरवा में सड़क किनारे हुई वारदात
- दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की छानबीन

**अमृत विचार।** रसूलाबाद मार्ग पर सड़क किनारे सहतावनपुरवा गांव के पास एक खाद-बीज भंडार की दुकान में मंगलवार की रात चोरों ने धावा बोल कर धान बीज की आठ बोरियां व नगदी पार कर दी। पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

शिवली क्षेत्र के सहतावनपुरवा मजरा औरंगाबाद गांव निवासी शिव गोविंद यादव सड़क किनारे अपनी खाद व बीज की दुकान किए हैं। प्रतिदिन की भांति मंगलवार की रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। वह खाना खाने के बाद रात करीब दस बजे वह सो गए। बुधवार सुबह जब वह दुकान पहुंचे और शटर खोला तो देखा कि धान की आठ बोरियां नदारद व गोलक टूटी हुई है। उससे तेरह सौ रुपये गायब थे। चोर दुकान के पीछे रखी टीनशेड के पावे के सहारे जीने से उतरकर दुकान में घुसे और आठ बोरी हाईब्रिड धान का बीज जिसकी कीमत 75,800 रुपये व नगदी पार कर दी। इंस्पेक्टर अपराध धीरेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


घटना की जानकारी देता दुकानदार। अमृत विचार

# छेड़छाड़ में दोषी युवक को तीन साल की सजा

## अमराहट थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से हुई थी छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पांच साल बाद पॉक्सो कोर्ट से पीड़िता को मिला इंसाफ
- अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया

**अमृत विचार।** करीब पांच साल पहले अमराहट थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ छेड़छाड़ के मामले की सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है और इसके साथ ही उस पर 15 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि अमराहट थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि 16 मार्च 2020 को दिन में करीब दो बजे वह अपने खेत पर लकड़ी लेने गई थी। उसी दौरान वहां पहले से मौजूद गांव के जगदीश ने उसे अकेला पाकर दबोच लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लीलता करने लगा। उसने विरोध करते हुए शोर मचाया तो उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

इसकी सुनवाई अपर जिला जज 13/ पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी जगदीश को दोषी करार दिया और तीन साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही 15 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

### एसपी के निर्देश पर पुलिस ने लिखी थी रिपोर्ट

छेड़छाड़ के बाद पीड़िता ने अमराहट थाने में मामले की पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन थाने की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई थी। एसपी के निर्देश पर अमराहट थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और फिर पूरे मामले की गहराई से विवेचना कर आरोपी जगदीश के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था।

## बिंकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई 11 को

**कानपुर देहात।** बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। बुधवार को पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने से मामले की सुनवाई टल गई। अब अदालत ने मामले सुनवाई के लिए 11 जून की तिथि नियत की है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने 45-50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। इस मामले में अभियोजन गवाही चल रही है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सीपी शुक्ला ने बताया कि बुधवार को अदालत के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने से मामले की सुनवाई आगे बढ़ गई है। अब मामले की सुनवाई 11 जून को होगी।

# इंस्पायर एवार्ड के लिए 15 जून से होंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कक्षा छह से 12वीं तक के बच्चे पात्र, मिलेंगे 10 हजार रुपये

**अमृत विचार।** देश के सभी मान्यता प्राप्त सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के लिए इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन ई-एमआईएएस पोर्टल पर करने होंगे। बच्चों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने और केंद्र सरकार की इस योजना से जोड़ने के लिए बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये जमा कराए जाएंगे।

इंस्पायर योजना में जिला स्तर पर 10 हजार व राज्य स्तर पर एक हजार विचारों का चयन किया जाएगा, जबकि देश भर में एक लाख विद्यार्थी चयनित होंगे। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर चयनित मॉडल को राष्ट्रपति भवन में आयोजित प्रवर्तन उत्सव में प्रदर्शित किया जाएगा और राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा, जो युवा वैज्ञानिक राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होंगे, उन्हें नकद पुरस्कार और चुनिंदा बच्चों को विदेश यात्रा भी कराई जाएगी। जिन छात्रों के विज्ञान मॉडल राज्य स्तर पर श्रेष्ठ रहेंगे, उन्हें राष्ट्र स्तरीय मंच पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होने पर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। इंस्पायर अवार्ड की छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थी का खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में हो एवं आवेदन से लेकर चयन होने के बाद कम से कम तीन माह सक्रिय होना चाहिए। इस साल इंस्पायर अवार्ड पोर्टल पर एक परिवर्तन किया गया है। इसके तहत स्कूल अथॉर्टी ऑप्शन में स्कूल लॉग इन करने के बाद स्कूल का यू-डाइस कोड अपडेट करना अनिवार्य है। जो स्कूल योजना के लिए पंजीकृत नहीं हैं, वह पोर्टल पर पंजीकृत करा सकते हैं। नामांकन 15 जून से 15 सितंबर तक होंगे।

## सार-संक्षेप


मंगलपुर थाने में अभिलेख जांचते एसपी अरविंद मिश्र। अमृत विचार

### एसपी ने चार थानों का किया औचक निरीक्षण

**कानपुर देहात।** मंगलवार देर शाम पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र थाना डेरापुर, मंगलपुर, रसूलाबाद व रूरा का औचक निरीक्षण। इस दौरान उन्होंने थाना व सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, हवालात, थाना परिसर, भवन, भोजनालय आदि का जायजा लिया। कार्यालय में अभिलेखों व माल मुकदमाती के रखरखाव की स्थिति देखी। एसपी ने थाने आने वाले फरियादियों की समस्याओं का नियमानुसार व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।


बुधवार को सिकंदरा कस्बे की तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपाई। अमृत विचार

### सिकंदरा कस्बे में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**सिकंदरा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी व सिकंदरा चेयरमैन सीमा पाल ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए बाइकों व कार से चल रहे थे। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व ब्लाक प्रमुख आकाश सिंह ऋषि ने किया। यात्रा बिरहाना चौराहा से राजपुर के जैनपुर मंदिर तक गई। इस दौरान भारतीय सेना जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा में रोहित सेंगर, राकेश कटियार, रामस्वरूप कटियार, नरेंद्र सिंह, हरगोविंद सिंह, पंकज पाल, रचित नायक, सुमित कटियार, सुमित कठेरिया, शिवांशु कटियार, उत्तम शर्मा, प्रियम शुक्ला, महेश कटियार, जमीपाल सिंह, राजा त्रिवेदी, देवेंद्र चंदेल, आनंद गौतम, आशीष राजपूत, राजू सिंह इंद्रपुरा, बलराम यादव आदि मौजूद रहे।

### मालगाड़ी से कटकर कंचौसी की महिला की मौत

**मंगलपुर।** कंचौसी रेलवे फाटक के पास बुधवार को एक महिला की मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई। उसकी पहचान कंचौसी के फूलबाजार निवासी जमना प्रसाद की पत्नी प्रेमकुमारी (45) के रूप में हुई है। यह हादसा डीएफसी रेलवे लाइन पर हुआ। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। कंचौसी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### इलाज के दौरान महिला की मौत पर कराया पोस्टमार्टम

**रूरा।** थाना क्षेत्र के हारामऊ में बुधवार को महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। हारामऊ के ने बताया कि उसकी पत्नी समीक्षा (25) कई दिनों से बीमार थी। उसका इलाज चल रहा था। बुधवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंचे दरोगा जितेंद्र व संजय सिंह ने जांच-पड़ताल की। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा ट्रायल

**कानपुर देहात।** जिला क्रीड़ा अधिकारी नीलम सिद्दीकी ने बताया कि राज्य स्तरीय महिला टेबल टेनिस एवं तैराकी प्रतियोगिता 13 व 14 जून को स्पोर्टस स्टेडियम सिद्धार्थनगर में आयोजित होगी, जिसमें कानपुर मंडल की टीमें भाग लेंगी। इस राज्य स्तरीय महिला टेबल टेनिस और तैराकी प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल जिला खेल कार्यालय कानपुर देहात और मंडल स्तरीय ट्रायल्स क्षेत्रीय खेल कार्यालय ग्रीनपार्क कानपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ियों की आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# ट्रैक्टर से बच्चों को रौंदने में चालक पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, राजपुर

- एक जून को गिरधरपुर के ईंट भट्ठे पर हुआ था हादसा
- ईयरफोन लगाए था ट्रैक्टर चालक, पुलिस तलाश रही

**अमृत विचार।** सट्टी थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में बीती एक जून को ईंट भट्ठे में ईयरफोन लगाकर ट्रैक्टर चला रहे चालक ने दो मासूमों को रौंद दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में मजदूर पिता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज आरोपी की तलाश शुरू की है।

मूल रूप से जालौन जनपद के कदौरा थाना क्षेत्र के बागी निवासी महेश्वरीदीन ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ गिरधरपुर गांव के मजरा सलेमपुर ऐमा स्थित एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करता है। साथ में हमीरपुर जनपद के जलालपुर गांव के रहने वाले उसके साढ़ू मूलचंद भी परिवार के साथ भट्ठे पर ही रहकर ईंट की पथाई करते हैं। बीती एक जून की सुबह वह साढ़ू के साथ भट्ठा परिसर में ईंट पथाई कर रहा था। उसका बेटा राजदीप (1) और साढ़ू का बेटा कृष्णा (2) झोपड़ी के पास खेल रहे थे। इसी दौरान ईंट पाथने के लिए गारी मशीन लेकर आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से दोनों मासूम बच्चों को रौंद दिया था, जिससे दोनों बच्चों की मौत हो गई थी। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला था। बताते हैं कि जिस समय हादसा हुआ, उस समय ट्रैक्टर चालक में ईयरफोन लगाए थे। सट्टी प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार ने बताया कि तहरीर पर आरोपी अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कराई जा रही है।

# घूमने निकला और फंदा लगा जान दी

संवाददाता, मूसानगर

- मूसानगर के विकास नगर मोहल्ले में हुई घटना
- घर के बाहर रोशनदान में गमछे से लगाई फांसी

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के विकास नगर वार्ड में एक व्यक्ति ने घर के बाहर दरवाजे के रोशनदान में गमछे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। पड़ोसियों ने अंदर सो रहे मृतक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पुहंची पुलिस ने छानबीन की।


धर्मपाल।

नगर पंचायत मूसानगर के विकास नगर वार्ड निवासी सचिन ने बताया कि उसके पिता धर्मपाल (45) मंगलवार की देर शाम खाना खा-पीकर गांव में घूमने की बात कह कर निकाल गए थे। वह और उसकी मां गार्गी घर के अंदर सो गए। देर रात पड़ोसियों ने मोबाइल फोन पर घर के बाहर दरवाजे के रोशनदान में गमछे के सहारे फंदे से पिता के लटके होने की जानकारी दी। उसने बाहर आकर देखा तो पिता फंदे पर मृत अवस्था में मिले। जिसपर पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने बताया कि मृतक चार माह पहले हुए पुत्र के एक्सीटेंट के बाद से घर में ही रह रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।


मूसानगर में युवक की मौत पर रोती-बिखलतीं महिलाएं।


शटरिंग मिस्त्री की मौत पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### शटरिंग मिस्त्री ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

**शिवली।** शटरिंग मिस्त्री ने मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर खड़ी नीम के पेड़ में प्लास्टिक रस्सी का फंदा बनाकर जान दे दी। शिवली कोतवाली क्षेत्र के अनूपपुर असई गांव निवासी बाबू गौतम का 20 वर्षीय पुत्र लवकुश गौतम शटरिंग मिस्त्री था। मंगलवार को वह बैरी सवाई गांव में शटरिंग लगाकर शाम को घर आया था। इसी दौरान घर वालों से मामूली कहासुनी हो गई। रोज की तरह घर के सभी लोग खाना खाकर सो गए। इसके बाद लवकुश ने घर के बाहर नीम के पेड़ में प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। जब घरवालों ने देखा तो कोहराम मच गया और मां ज्ञानश्री, बहन सविता, प्रीती, दीपा आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फील्ड यूनिट टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए और शव को फंदे से नीचे उतारकर जांच की। कोतवाल मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बदलेगी तस्वीर — डीएम ने रहिनियापुर क्षेत्र को पर्यटल स्थल के रूप में विकसित करने के दिए निर्देश

# नून नदी के उद्गम स्थल के पास खुदाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- तालाब के साथ मूर्तियों का भी किया जाएगा सौंदर्यीकरण
- डीएफओ को पूरे क्षेत्र को पौधों से आच्छादित करने का निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी व सीडीओ ने विकासखंड अकबरपुर के ग्राम रहिनियापुर में जनपद में विलुप्तप्राय नून नदी के उद्गम स्थल के समीप मनरेगा के माध्यम से संचालित तालाब खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने समेत अन्य निर्देश दिए।

बुधवार को डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मीं एन. ने तालाब खुदाई कार्य का शुभारंभ करने के बाद नून नदी के उद्गम स्थल के ऊपरी स्थान पर पूर्व से स्थापित मूर्तियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने तालाब के विकास के साथ-साथ मूर्तियों का सौंदर्यीकरण कराने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। बड़ा क्षेत्रफल होने के दृष्टिगत संपूर्ण क्षेत्र में वृहद पौधरोपण करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी आलोक सिंह ने डीएफओ को संपूर्ण क्षेत्र के लिए उपयुक्त पौधे व तकनीकी मार्गदर्शन देकर स्थल को वनाच्छादित करते हुए दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि तालाब खुदाई कार्य के लिए 220 मजदूरों को मनरेगा के माध्यम से लगाया गया है। जिसपर डीएम ने गर्मी के चलते सभी मजदूरों के लिए समय-समय पर पेयजल व छाया आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


तालाब खुदाई के बारे में जानकारी लेते डीएम व सीडीओ लक्ष्मी एन.।


उद्गम स्थल के पास मूर्ति को देखते डीएम।

## 7 घंटे बिजली की कटौती, जूझे लोग

**शिवली।** भीषण बिजली कटौती से बुधवार को शिवली व शोभन के उपभोक्ता बेहाल रहे। सुबह नौ बजे के बाद बिजली सप्लाई शाम चार बजे तक बहाल नहीं हो पाई।

कानपुर नगर के जवाहरपुरम के 132 केवीए पावर हाउस से बिजली सप्लाई सुबह नौ बजे कट गई, जिससे शिवली व शोभन बिजली घरों की सप्लाई ठप हो गई। भीषण गर्मी में सात घंटे की बिजली कटौती से दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शिवली में पानी की सप्लाई भी बंद रही। व्यापार मंडल अध्यक्ष रमाकांत अग्निहोत्री, मनीष सैनी, सोनू यादव, विजय कुमार मौजी आदि ने बताया कि बिजली कटौती से गर्मी में लोग परेशान रहे और व्यापार भी प्रभावित रहा है। वहीं शिवली स्टेशन के जेई राकेश राय ने बताया कि काम के चलते बिजली सप्लाई बाधित रही है। एसडीओ वंशरोपण ने बताया कि टिकरा बिजलीघर क्षेत्र में काम होने के चलते कटौती हुई है।

# गंगा दशहरा आज, यमुना घाटों पर गोताखोर तैनात, पुलिस भी सतर्क

संवाददाता, राजपुर

- थाना प्रभारी ने यमुना नदी के घाटों का किया निरीक्षण
- पिचौरा और बेहमई घाट पर नाविकों की तैनाती की गई

**अमृत विचार।** गुरुवार को गंगा दशहरा स्नान पर्व के मद्देनजर बुधवार को थाना पुलिस ने यमुना घाटों का निरीक्षण किया। वहीं श्रद्धालुओं के स्नान को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से सुरक्षा व्यवस्था के बावत जानकारी ली। नाविक और गोताखोर तैनात किए गए हैं।

गंगा दहशरा पर्व पर राजपुर क्षेत्र के पिचौरा, बेहमई, अमराहट, खोजारामपुर घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर पूजा-अर्चना करते हैं। घाटों पर स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राजपुर थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने पिचौरा व बेहमई के घाटों का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान उनकी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। स्थानीय नाविकों व गोताखोरों की ड्यूटियां लगाई। वहीं स्नान क्षेत्र में प्रवेश करने वाले मार्गों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पिचौरा व बेहमई घाट पर पुलिस बल को तैनात किया जा रहा है।


पिचौरा घाट का जायजा लेते थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा। अमृत विचार

